डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
19 दिसंबर 2024
गुरुवार

आज का मौसम
27 अधिकतम
7 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो


Page-7

## लोस में हंगामे के बाद अप्रिय हालात, मप्र विस में टोंटी लेकर पहुंचा विपक्ष

# लोसः धक्कामुक्की की नौबत, सांसद घायल, रिपोर्ट दर्ज कराएगी भाजपा







नई दिल्ली, एजेंसी

संसद का शीतकालीन सत्र हंगामाई दौर से बाहर नहीं आ पा रहा है। सदन के बाहर और अंदर हंगामे जारी हैं। आज भी केंद्रीय मंत्री अमित शाह के टिप्पणी पर हंगामा जारी रहा और दोनों सदनों की कार्रवाई दोपहर दो बजे तक स्थगित करना पडी। वहीं आज सुबह एक और घटनाक्रम हुआ,जिसमें भाजपा सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हो गए। सारंगी का दावा है कि वे राहुल गांधी के धक्के से चोटिल हुए। सारंगी ने कहा कि मैं सीढ़ियों पर खड़ा था तभी राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया और वो सांसद मेरे ऊपर गिर गए। सारंगी के आरोप पर राहुल ने कहा कि कैमरे में सब कैद है, मैं सदन में जाने की कोशिश कर रहा था तब भाजपा सांसदों ने मुझे धकेला और धमकाया। खड़गे को भी धक्का दिया। हमें संसद के भीतर जाने से रोका गया। भाजपा सांसद धक्का-मुक्की कर रहे थे।

### अमित शाह का विरोध मार्चपास्ट, विवाद जारी

आज संसद सत्र क 19वां दिन है। अंबेडकर के अपमान को लेकर विवाद जारी है। इसे लेकर विपक्षी सांसदों ने संसद के बाहर विरोध मार्च निकाला। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी नीले कपड़े पहनकर पहुंचे। इंडिया ब्लाक राज्यसभा में बाबा साहेब आंबेडकर पर शाह के बयान के विरोध में उनके इस्तीफे और माफी की मांग कर रही है। कांग्रेस का आरोप है कि शाह का अपराध अक्षम्य है, पूरा तंत्र उन्हें बचाने में लगा है। जो गृहमंत्री ने कहा है, हम वही बात कर रहे हैं. उनके शब्दों को तरोड़ा-मरोड़ा नहीं गया है।

## मप्र जलजीवन मिशन में भ्रष्टाचार का आरोप




भोपाल, दोपहर मेट्रो

मप्र विधानसभा में भी आज लगातार चौथे दिन हंगामे के हालात रहे। आज कांग्रेस के विधायक टोंटी लेकर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए विस परिसर में नारेबाजी की। जल जीवन मिशन में गड़बड़ी होने और घर तक पानी न पहुंचने का आरोप लगा रहे कांग्रेस विधायकों के हाथ में नल की टोटी और पाइप थे। उनका कहना था कि मिशन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। कांग्रेस विधायक रामकिशोर दोगने ने कहा कि जगह-जगह पाइप लाइन टूटी पड़ी है। घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। ठेकेदारों को राशि का भुगतान करने के लिए सरपंचों पर दबाव डाला जा रहा है। उन्हें काम पूरा होने का प्रमाणीकरण देने को मजबूर किया जा रहा है। सचिन यादव ने कहा - जल जीवन मिशन के लिए निर्धारित मापदंड पूरे नहीं किये गए है। जहां पानी की व्यवस्था हो गई है वहां अशुद्ध पानी पहुंच रहा है। सरकार सोती रही इसलिए इतनी बड़ी योजना फेल हो गई है। केंद्र की योजना का लाभ जमीनी स्तर पर पहुंचने की बात पर विधायक यादव का आरोप है कि भाजपा की योजनाएं एवं दावे सिर्फ कागजों तक सीमित है, योजनाओं का लाभ जनता तक नहीं पहुंच रहा है। उल्लेखनीय है कि विस के इस सत्र में कांग्रेस विधायक हर रोज विरोध प्रदर्शन दर्ज करा रहे हैं।



आज भोपाल में स्कूली बच्चों को मुख्यमंत्री मोहन यादव के हाथ से बना खाना मिला। मुख्यमंत्री ने अक्षय पात्र फाउंडेशन के केंद्रीकृत किचन में पहुंचकर दाल और रोटी बनाने में कर्मचारियों का सहयोग किया और हाथों से बच्चों को परोसा भी।

### चंबल पुल पर भारी वाहन आज से हुए प्रतिबंधित

**भिंड।** मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की सीमा को जोडने वाले भिंड जिले के बरही के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने चंबल पुल पर भारी वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। ओवरलोड वाहनों से होने वाले खतरे को देखते हुए जिला कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने यह आदेश जारी किया है। जिसे आज सुबह से लागू कर दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग-719 पर चंबल पुल पर रेत और गिट्टी से भरे ओवरलोडेड वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा था। इसके चलते पुल के सेंसर बार-बार खराब हो रहे थे और पुल में गैप बढ़ने की समस्या सामने आ रही थी।

### सुनीता की वापसी की तारीख फिर आगे बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की अमेरिका अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की फरवरी में भी धरती पर वापसी नहीं हो सकेगी। उन्हें लौटने में करीब एक महीने का समय और लगेगा। इसकी वजह स्पेस एक्स के ड्रेगन कैप्सूल में तकनीकी दिक्कत बताई जा रही है। जून 2024 में 10 दिन की यात्रा पर गई सुनीता की यात्रा अब दस महीने के लिए हो चुकी है। नासा ने कहा है कि अब इसमें और देरी होगी, क्योंकि इस मिशन के लिए नए ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट बनाने का काम चल रहा है. इस कैप्सूल में चार लोग स्पेस स्टेशन जाएंगे।

### कश्मीर में एनकाउंटर : 5 आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के कद्देर इलाके में सेना और पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में 5 आतंकियों को ढेर कर दिया। हालांकि, आतंकियों के शव मिलने बाकी हैं। मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं।सुबह सेना और पुलिस को इलाके में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद जॉइंट सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तलाशी के दौरान आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की। उधर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिल्ली में मीटिंग कर सकते हैं। सितंबर-अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनावों के बाद यह पहली बैठक होगी। इसमें उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना, अर्धसैनिक बलों, जम्मू-कश्मीर प्रशासन, खुफिया एजेंसियों और गृह मंत्रालय के सीनियर अफसर शामिल होंगे।

## फेडरल बैंक की रेट कटौती से भारतीय शेयर बाजार दबाव में

मुंबई, एजेंसी




सेंसेक्स 1100 अंक लुढ़का

कल रात अमेरिकी बाजार में बड़ी गिरावट के बाद आज इसका असर भारतीय शेयर बाजार में भी दिखा है। अमेरिकी फेडरल बैंक ने देर रात रेट कटौती का ऐलान कर इसे 0.25 फीसदी तक कट किया है। अभी दो और कटौती का अनुमान भी लगाया है, जिस कारण बाजार का मूड खराब लग रहा है तथा आज भारतीय शेयर बाजार में सेंसेक्स 1100 अंक से ज्यादा टूटकर खुला, जबकि निफ्टी 400 अंक से ज्यादा टूटकर ओपन हुआ। हालांकि कुछ देर बाद स्थिति थोड़ी संभली मगर फिर भी सेंसेक?स 917 अंक तक ही आ सका। वहीं 283 अंक गिरकर 23,914.95 पर कारोबार कर रहा है। आज सेंसेक?स के टॉप 30 शेयरों में से दो शेयरों को छोड़कर सभी शेयर गिरावट पर हैं। सबसे ज्यादा गिरावट इंफोसिस के शेयरों में 3 फीसदी की आई है। वहीं निफ्टी के 47 शेयर दबाव में कारोबार कर रहे हैं। अमेरिकी सेंट्रल बैंक फेडरल रिजर्व ने कहा कि रेट कटौती अभी और संभव है। इससे बाजार का मूड खराब है। महंगाई पर अभी और सख्ती की जरूरत सेंट्रल बैंक ने कही है।

## नौसेना का पोत टकराया, समुद्र में 13 लोगों की जान गई

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई तट के पास बड़ा हादसा हो गया। यहां नौसेना के एक पोत के एक नौका से टकराने की वजह से 13 लोगों की मौत हो गई जबकि 101 अन्य लोगों को बचा लिया गया। नौसेना के मुताबिक, नौसेना का पोत इंजन परीक्षण के लिए जा रहा था, लेकिन तभी इसने नियंत्रण खो दिया और करंजा के पास यह नीलकमल नामक नौका से टकरा गया। यह नौका यात्रियों को गेटवे ऑफ इंडिया से लोकप्रिय पर्यटन स्थल एलीफेंटा द्वीप पर लेकर जा रही थी। नौसेना ने बताया कि नौसेना ने तटरक्षक बल और समुद्री पुलिस ने खोज और बचाव प्रयास तुरंत शुरू किए। बचाव अभियान में नौसेना के चार हेलीकॉप्टर, नौसेना की 11 नौकाएं, तटरक्षक बल की एक नौका और समुद्री पुलिस की तीन नौकाओं की मदद ली गई। नौसेना और अन्य जहाजों की मदद से जिंदा बचे लोगों को आसपास की जेटी पर पहुंचाया गया और फिर उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया। अब तक 101 लोगों को बचाया जा चुका है। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है, जिसमें नौसेना का एक कर्मचारी और नौसेना के जहाज में सवार ओईएम (मूल उपकरण निर्माता) के दो लोग शामिल हैं।

## ड्रोन तकनीक व नवाचार के लिए भोपाल में मंथन करने जुटेंगे देशभर के एक्सपर्ट्स

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मध्यप्रदेश सरकार की नई ड्रोन पॉलिसी बनाने के लिए अब भोपाल में सभी ड्रोन एक्सपर्ट मिल बैठकर विमर्श करेंगे। इसी दिन मध्यप्रदेश शासन की ड्रोन पर केंद्रित पोर्टल dron.mp. gov. in भी लांच हो सकता है। प्रदेश में शासन और ड्रोन पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए ड्रोन का उपयोग नागरिक सुविधाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा कैसे किया जाए इस पर विशेषज्ञ पैनल डिस्कशन किया जायेगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन की मौजूदगी में यह विमर्श 23 दिसंबर को होगा।

23 को एक दिनी मंथन



खास बात यह है कि इस विमर्श के दौरान तमाम एक्सपर्ट अपने -अपने ड्रोन टेक्नोलॉजी से जुड़े हुए नवाचार साझा करेंगे। इस अवसर पर ड्रोन एग्जीबिशन भी लगाई जाएगी। एमपीपोस्ट के मुताबिक सरकार जन हितैषी सेवाओं, नवाचार, उत्कृष्टता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए ड्रोन टेक्नोलॉजी के अधिकतम उपयोग के लिए तत्पर है। सीएम यादव का कहना है कि हमने प्रधानमंत्री मोदी के ड्रोन सेक्टर के मिशन से प्रेरणा लेकर चलने का संकल्प लिया है। इस मौके पर मुख्यसचिव जैन विशेष वक्तव्य देंगे। इस विमर्श का आयोजन राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग कर रहा है। ड्रोन टेक्नोलॉजी पर डीजीसीए, भारतीय सर्वेक्षण विभाग, नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार, ड्रोन इंडस्ट्री के जानकार संवाद करेंगे।

### पटना-बांद्रा सुपरफास्ट ट्रेन के जनरल बॉगी में लगी आग

**पटना।** देर रात बांद्रा जा रही पटना-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल बॉगी के निचले हिस्से में आग लग गई। घटना के बाद यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। इधर, सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गई। यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। करीब तीन घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सकता है।दानापुर-दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन के पास हुई। हादसे के बाद ट्रेन के एलएचबी कोच को डुमरांव स्टेशन पर ही छोड़कर अधिकारियों ने ट्रेन को बांद्रा के लिए रवाना किया। रात पटना-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस दानापुर डीडीयू रेलखंड के टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी, तभी स्टेशन पर मौजूद रेलवे कर्मचारी देखा कि जनरल बोगी के निचले हिस्से से आग की लपटें निकल रही है।

मेट्रो एंकर

### देश में 3 लाख भिखारी डिप्लोमाधारी भी मांग रहे हैं भीख

## कानून पुराना, अमल नया...सड़कों से भिखारियों को साफ करने की मुहिम चलाएगा इंदौर

इंदौर, दोपहर मेट्रो


सफाई के मामले में देश में कई साल से नंबर एक बना रहा इंदौर अब सफाई का नया अभियान शुरू कर रहा है। इसकी काफी चर्चा है। क्योंकि यह सड़कों से भिखारियों को हटाने की मुहिम है। इसके तहत अब एक जनवरी 2025 से भीख देने वालों के खिलाफ भी केस दर्ज किया जा सकता है। हालांकि इंदौर में भीख मांगने पर प्रतिबंध लगाने वाला आदेश पहले ही जारी किया जा चुका है। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह का कहना है कि यदि 1 जनवरी से कोई व्यक्ति भीख देते हुए मिलता है, तो उसके खिलाफ प्राथमिकी होगी। दरअसल, इन दिनों सिर्फ इंदौर ही नहीं, देश के कई शहरों को भिखारियों से फ्री करने की कवायद जारी है।



खास बात यह है कि भारत में भीख मांगना अपराध है, लेकिन अदालतें इस पर प्रतिबंध लगाने से साफ मना कर चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने भीख मांगने पर रोक लगाने से इनकार किया था। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ये आर्थिक-सामाजिक समस्या है। कोर्ट ने कहा था कि पढ़ाई-लिखाई न होने और नौकरी न मिल पाने के कारण लोग भीख मांगने को मजबूर होते हैं। इससे पहले 2018 में दिल्ली हाईकोर्ट ने भी इस पर प्रतिबंध लगाने से मना कर दिया था और कहा था कि भीख मांगने को अपराध बनाने से कुछ सबसे कमजोर लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। उल्लेखनीय है कि जनगणना के मुताबिक देश में 2.92 लाख भिखारी ऐसे भी हैं, जो अनपढ़ हैं। तीन हजार से ज्यादा भिखारी ऐसे हैं जिनके पास कोई डिप्लोमा या डिग्री है। फिलहाल, भारत में भीख मांगने से रोकने को लेकर कोई केंद्रीय कानून नहीं है। मगर 1959 का बॉम्बे प्रिवेन्शन ऑफ बेगिंग एक्ट 20 से ज्यादा राज्यों में लागू है। ये कानून सिर्फ सड़कों पर भीख मांगने को ही अपराध नहीं बनाता। बल्कि, अगर आप किसी भी सार्वजनिक जगह पर डांस करके, गाना गाकर, कोई चित्रकारी करके, कोई करतब दिखाकर या किसी भी तरह से ऐसा कुछ करते हैं जिसके बदले आपको लोगों से पैसे मिलते हैं, उसे भी भीख मानता है। अगर कोई व्यक्ति भीख मांगते हुए पकड़ा जाता है तो उसे एक से तीन साल तक बेगर होम में डिटेन करके रखा जा सकता है। व्यक्ति दोबारा भीख मांगते हुए पकड़ा जाता है तो 10 साल तक उसे हिरासत में रखा जा सकता है।

### देश में चार लाख भिखारी

यदि 2011 की जनगणना को आधार मानें तो देशभर में 3.72 लाख से ज्यादा भिखारी हैं। इनमें 1.97 लाख पुरुष और 1.74 लाख महिलाएं हैं। इनमें 55 हजार से ज्यादा ऐसे लोग भीख मांगते हैं, जिनकी उम्र 19 साल से भी कम है। तकरीबन 1.43 लाख से ज्यादा भिखारी ऐसे हैं जो 60 साल के पार हैं। देश में सबसे ज्यादा भिखारी पश्चिम बंगाल हैं। बंगाल में भिखारियों की संख्या 81,244 है। दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश है जहां 65,835 भिखारी हैं। इनके अलावा आंध्र प्रदेश में 30 हजार 218, बिहार मे 29 हजार 723, मध्यप्रदेश में 28 हजार 695 और राजस्थान में 25 हजार 853 भिखारी हैं।



# मौसम ने ली करवट बदला स्वरूप

भोपाल, दोपहर मेट्रो। राजधानी में शीतलहर चल रही है। न्यूनतम तापमान गिरने लगा है। ऐसे में शाम के समय म रोज बदलते रहते हैं।

# घरों में रोशनी के लिए 1200 वॉट की बजाए 150 वॉट में ही चल रहा काम

## अब हर घर एलइडी से रोशन उपभोक्ता 50 हजार बढ़े, खपत वही

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी का हर घर अब एलइडी से ही रोशन हो रहा है। इसका असर भी नजर आया। बिजली खपत पर कंपनी की रिपोर्ट में बताया गया कि 50 हजार उपभोक्ता बढने् के बाद भी खपत में कोई बड़ा अंतर नहीं आया। भोपाल सिटी की बात करें तो यहां भी साढ़े सात हजार नए कनेक्शन बीते डेढ़ साल में हुए, लेकिन खपत 70 लाख यूनिट के आसपास ही है। कंपनी के एक्सपर्ट इसका श्रेय ऊर्जा दक्षता वाले एलइडी बल्ब को दे रहे हैं।

### 30 एलइडी से रोशन राजधानी के घर

कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार इस समय 30 लाख से अधिक एलइडी बल्ब घरों को रोशन कर रहे हैं। हाल में कंपनी के एमडी ने भी ऊर्जा दक्षता को लेकर आयोजित कार्यक्रम में लोगों से फाइव स्टार रेटिंग वाले उपकरणों का ही उपयोग करने की सलाह दी थी। अप्रेल 2023 से अब तक कंपनी क्षेत्र में 32664 कनेक्शन शहरी क्षेत्र में, जबकि 19322 कनेक्शन ग्रामीण क्षेत्र में दिए गए। अगर आप बिजली का कोई उपकरण खरीदने जाएंगे तो ये ज्यादातर स्टार रेड्क्षटग के साथ मिलते हैं।



### बिजली बिल जमा नहीं किया तो शस्त्र लाइसेंस निरस्त होंगे

बिजली के बकायादारों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की जिले में कार्रवाई शुरू हो गई है। बिजली कंपनी ने 1210 शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के लिए प्रशासन को अनुशंसा की है। इन पर 2.13 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है। इसलिए शस्त्र लाइसेंस किए जा रहे रद्द- शहर में बिजली के बड़े बकायादारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इनसे वसूली पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे में शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने से लेकर बैंक खातों सील करने तक की कवायद की जा रही है।

### 2016 में बांटे थे 1.75 करोड़ बल्ब

- 2016 में उज्वला योजना के तहत प्रदेश में 1.75 करोड़ बल्ब बांटे गए थे
- भोपाल में इसका 08 फीसदी हिस्सा बंटा था।
- इनसे 22.08 मेगावाट प्रति घंटा बिजली की एक साल में बचत हुई थी
- इसके साथ ही 18 लाख टन कार्बन उत्सर्जन घटा था
- एलइडी बल्ब ने 25 गुना तक अधिक चलते हैं
- पर्यावरण फ्रेंडली है। ये टॉक्सिक पदार्थ जैसे मर्करी- लीड से पूरी तरह मुक्त है

ऊर्जा की बचत और ऊर्जा दक्षता के लिए स्टार रेड्क्षटग दी जाती है। ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी देश में यही काम करता है। ये लगातार तमाम कंपनियों के उत्पाद मॉडलों की स्टार रेड्क्षटग तय करता है। सबसे अच्छे उपकरण को 5 स्टार ऊर्जा लेबल मिलता है। सबसे कम प्रदर्शन वाले लोगों को 2 स्टार लेबल मिलता है। 01 स्टार का मतलब है कि दक्षता में सुधार के लिए कुछ नहीं किया गया है। एक 5 स्टार 1.5 टन का एसी करीब 1450 वॉट इस्तेमाल करता है, वहीं 3 स्टार वाला 1.5 टन एसी 1600 वॉट के करीब खर्च करता है।

# निजी स्कूलों की मनमर्जी पर नकेल

## 15 फीसदी से ज्यादा फीस वृद्धि पर लेनी होगी अनुमति




**भोपाल. एजेंसी**

निजी स्कूलों की मनमानी पर राज्य सरकार ने नकेल कसने की तैयारी की है। स्कूल मनमर्जी फीस नहीं बढ़ा सकेंगे। हालांकि 25 हजार रुपए वार्षिक शुल्क वाले स्कूल फीस नियंत्रण दायरे से बाहर होंगे। इससे अधिक फीस लेने वाले स्कूलों को अनुमति लेनी होगी। परिवहन फीस अब वार्षिक फीस का हिस्सा होगी। स्कूल परिवहन (बस) फीस भी अलग से नहीं ले सकेंगे। इसे वार्षिक फीस का ही भाग माना जाएगा। इस संबंध में मंगलवार को मप्र निजी विश्वविद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) संशोधन विधेयक विधानसभा में पेश किया गया। सदन की हरी झंडी मिलने और राज्यपाल की अनुमति के बाद संशोधित नियम लागू होंगे।

### परिवहन फीस वार्षिक फीस का ही हिस्सा, अलग से वसूली नहीं

**ऐसी व्यवस्था...:** संशोधित विधेयक के तहत यदि स्कूल 15 फीसदी से अधिक फीस बढ़ाएंगे तो उन्हें पहले समिति से अनुमति लेनी होगी। फीस वृद्धि पर आपत्ति की अपील सुनने मंत्री की अध्यक्षता वाली समिति अधिनियम में भी संशोधन प्रस्ताव किया है। इसके तहत वार्षिक फीस में 15त्न से अधिक वृद्धि के आदेश के विरुद्ध अपील सुनने के लिए राज्य स्तरीय समिति होगी। समिति अध्यक्ष स्कूल शिक्षा मंत्री रहेंगे।

# अमृत फार्मेसी से मिलने वाली दवाएं 30 फीसदी तक महंगी

## एम्स ने कहना- हमारा सिर्फ अमृत फार्मेसी से एमओयू

**भोपाल. एजेंसी**

एम्स में अमृत फार्मेसी से मिलने वाली दवाएं बाहरी मेडिकल स्टोर से 30 फीसदी तक महंगी मिल रही हैं। इस मामले की एम्स प्रबंधन से लिखित शिकायत की गई है। कैंसर पीड़ित मरीज के इलाज के लिए डॉक्टरों ने ट्रैंस्टुजुमैब एंटान्सिन दवा जरूरी बताई थी। यह दवा अमृत फार्मेसी ने करीब 82 हजार में उपलब्ध कराई। जबकि बाहरी मेडिकल स्टोर से लेने पर यह करीब 65 हजार की पड़ी। रेट में इतना अधिक अंतर आने पर परिजनों ने मामले की शिकायत प्रबंधन से की गई। बता दें, यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले साल




2022 में भी अमृत फार्मेसी की कार्य प्रणाली पर सवाल उठ चुके हैं। इस मामले में एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह का कहना है कि अमृत फार्मेसी एक अलग इकाई है, जो कि एम्स के अधीन नहीं है। वह जो काम कर रहे हैं वह अलग है। एम्स के साथ उनका केवल एक समझौता है। अमृत फार्मेसी में दवाओं की दरें फार्मास्यूटिकल्स और केमिकल्स मंत्रालय द्वारा तय की जाती हैं। इस मामले से ऊपरी मंत्रालय को अवगत कराया गया है।

# व्यापारियों से अधिकारियों ने की चर्चा, कहा, जिनकी पूरी दुकानें टूटी हैं, उनको पहले जगह



**हिरदाराम नगर.** प्रशासन ने फाटक रोड के उन व्यापारियों से सूची मांगी है, जिनकी दुकानें सर्विस रोड के लिए तोड़ी गई हैं। ज्वॉइंट कलेक्टर ने कहा, जिन व्यापारियों की पूरी दुकानें टूटी हैं, उनको पहले ब्रिज के नीचे जगह दी जाएगी। दुकानदारों ने सूची बनाना शुरू कर दी है। फाटक रोड पर कारोबार करने वाले पहले विस्थापन फिर ब्रिज निर्माण की मांग कर रहे हैं। बुधवार सुबह संयुक्त कलेक्टर आदित्य जैन फाटक रोड पर पहुंचकर, व्यापारियों से चर्चा की। जिन दुकानों को कुछ हिस्सा टूटा है, उनसे दुकाने बनाने को कहा। साफ किया जिनकी पूरी दुकानें टूटी हैं, उन्हे पहले जगह दी जाएगी। उसके बाद आगे क्या करना है, इस बारे में विचार किया जाएगा। हालांकि किस व्यापारी की कितनी दुकान टूटी है, इसकी पूरी सूची तैयार कर दी जाए। शाम को व्यापारियों ने फाटक रोड व्यापारी संघ के ग्रुप पर व्यापारियों की सूची डाली गई, सभी व्यापारियों से आकर नाम दर्ज कराने का कहा। जल्द ही सूची प्रशासन को सौंपी जाएगी।

**मेट्रो एंकर**

# हुजूर विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन 22 को, संतनगर मंडल की बैठक



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

22 दिसंबर को होने वाले हुजूर विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर संतनगर मंडल की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी ने की। बैठक में कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर चर्चा हुई। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल ने कहा कि हुजूर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन बंजारी मैदान कोलार में होना है, जिसमें बूथ स्तर तक के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का वरिष्ठनेता मार्गदर्शन करेंगे। सम्मेलन में पार्टी के आगामी कार्यक्रम पर चर्चा होगी। मंडल अध्यक्ष बागवानी के अध्यक्ष बनने के बाद यह पहली बैठक थी। भाजपा के सीनियर लीडर मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश जनियानी, चन्द्रप्रकाश इसरानी, कमल विधानी, भाजपा नेता विकास मरण, माखन सिंह राजपूत, किशन अच्छानी, बसंत चेलानी, महामंत्री सूरज यादव व बूथ के सभी अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संतजी के निर्वाण दिवस पर सेवा कार्य, 20 दिसंबर को स्वास्थ्य जांच शिविर

## नवयुवक सभा भवन में सेवासदन, चिरायु के विशेषज्ञ देंगे सेवाएं

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम साहिब जी की 19वीं पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर 20 दिसम्बर को निर्धन मरीजों के लिये एक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श शिविर का आयोजन किया जायेगा। चिरायु अस्पताल और मेडिकल कॉलेज तथा सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा संयुक्त रूप से लगाये जाने वाले इस शिविर का आयोजन सुबह 8 से अपरान्ह 4 बजे तक नव युवक सभा स्कूल परिसर में किया जायेगा।



शिविर के समन्वयक डॉक्टर सुरेश भम्भानी ने बताया कि हृदय रोग, नाक, कान, गला रोग, स्त्री रोग, टेस्ट ट्यूब विधि से सन्तान उत्पत्ति, शिशु रोग, कैंसर, चर्म रोग, मानसिक रोग, किडनी की बीमारी, मूत्र रोग, दन्त और आंख की बीमारी, हड्डी रोग, डायबिटिज तथा ब्लडप्रेशर आदि के मरीज शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों से सम्पर्क कर अपना रोग निदान और परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

चिरायु अस्पताल और मेडिकल कॉलेज ने बताया है कि निर्धन रोगियों की सोनोग्राफी, इसीजी, डायबिटि?, ब्लड प्रेशर और नेत्र और दन्त परीक्षण जांचें निःशुल्क की जाएंगी। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के प्रबंधन ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ने शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### 8 नजूल क्षेत्रों में 50 दिन से ज्यादा समय से अटकी 1298 शिकायत

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को सात दिन में निराकृत करने का दावा है, लेकिन जिले के आठ नजूल क्षेत्रों में 1298 शिकायतें ऐसी है जो 50 दिन से ज्यादा समय से अटकी हुई है। रेवेन्यू की शिकायतें सबसे ज्यादा है। जीएडी यानि प्रशासन स्तर पर अटकी शिकायतें 77 है, जबकि राजस्व से जुडी शिकायतों की संया इस समय 1221 है। दोनों मिलाकर आंकड़ा 1298 बन रहा है। गौरतलब है कि कलेक्टर 50 व 100 दिन से लंबित शिकायतों के तुरंत निराकरण के निर्देश दे रहे हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रमसिंह ने शिकायतों का समय पर निराकरण कराने के लिए अफसरों को देर रात तक कार्यालय में बिठाया रखा।

# पीएम 25 को खजुराहो आएंगे परियोजना की रखेंगे आधारशिला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



- यहीं रखेंगे केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की नींव
- मुख्यमंत्री ने की पीएम के आने से पहले कामों की समीक्षा
- सीएस ने कहा- सुशासन सप्ताह के तहत अफसर गांव जाकर दे लोगों को योजनाओं का लाभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 दिसंबर को खजुराहो आएंगे। वह मेला ग्राउंड में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की आधारशिला रखेंगे। पूर्व में प्रशासन उक्त कार्यक्रम को लेकर छतरपुर में तैयारी कर रहा था। यह जानकारी सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा बुधवार को ली समीक्षा बैठक् में परियोजना से लाभान्वित होने वाले संभागों व जिलों के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को दी गई। सीएम ने यह भी कहा कि उक्त आयोजन को भव्य बनाना है। साथ ही जन कल्याण अभियान व पर्व को लेकर ठीक से काम करें, किसी भी स्तर पर कमियां नहीं रहनी चाहिए। वहीं सीएस ने सुशासन सप्ताह को लेकर संभागों के कलेक्टरों व कलेक्टरों से वीसी के जरिए बात की और निर्देश दिए कि 19 से 25 दिसंबर तक गांव जाएं और हितग्राहियों को संबंधित योजनाओं का लाभ दें। शासन को इसकी जानकारी भी दें कि कितने गांव तक पहुंचे और कितनी योजनाओं का लाभ कितने हितग्राहियों को दिया गया। सीएम ने समीक्षा बैठक् में कहा कि 25 दिसंबर की तैयारियां ठीक से करें और लाभ वाले जिलों में जनता के बीच में जाए। सीएम ने आव्हान किया कि परियोजनाओं से लाभान्वित होने वाले क्षेत्रों के अधिक से अधिक नागरिक खजुराहो पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी का अभिवादन एवं आभार व्यक्त करें। उन्होंने सागर, उज्जैन, ग्वालियर-चंबल संभाग में संचालित जनकल्याण शिविरों की प्रगति के संबंध में समीक्षा भी की। सीएम ने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाने के लिए प्रदेश में जन कल्याण अभियान चलाया जा रहा है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर जन हितैषी कार्य लंबित न रहें। अभियान में बने दल, घर-घर सर्वे कर आवेदन प्राप्त करें। सभी शिविरों में जनप्रतिनिधि भी सक्रिय सहभागिता करें। सीएम डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे को प्राथमिकता से लेने के निर्देश दिए। जिला स्तर पर अब तक हुए जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए।

## कैग की रिपोर्ट में खुलासा

# टेक होम राशन में 428 करोड़ का हुआ घोटाला



- मामले में हुई गड़बड़ी में जिन ट्रकों से परिवहन करना बताया, वे बाइक, कार व ऑटो निकले
- करोड़ों रुपए का राशन वास्तव में हितग्राहियों तक पहुंचा ही नहीं और रिकार्ड में करा दिया भुगतान
- जिस राशन को मवेशियों को भी नहीं खिला सकते थे, उस राशन को बच्चों, किशोरियों व अन्य को दिया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टेक होम राशन में 430 करोड़ रुपये की गड़बड़ियां सामने आई हैं। यह खुलासा कैग की विधानसभा में पेश की गई रिपोर्ट में हुआ है। जिसमें बताया गया कि जिन ट्रकों से राशन वितरण करना बताया गया वे ट्रक नहीं थे बल्कि बाइक, ऑटो और कार थीं। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है कि लाखों मीट्रिक टन राशन इन बाइक, कार व ऑटों में परिवहन करना संभव ही नहीं था। इसी तरह जो राशन आंगनवाड़ियों और पात्र हितग्राहियों तक पहुंचा ही नहीं, उसका भी भुगतान कर दिया गया। इतना ही नहीं, जिस खराब राशन को मवेशियों को भी नहीं दे सकते थे, उसे भी पात्र हितग्राहियों को सप्लाई किया गया। यह भ्रष्टाचार अधिकारियों, गुणवत्ता नियंत्रकों, उत्पादकों और कई परिवहनकर्ता ठेकेदारों ने 2018 से 2021 के बीच किया। कैग रिपोर्ट में राशन तैयार करने वाले, परिवहन कर्ता, वितरणकर्ता, गुणवत्ता नियंत्रकों और व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों पर कार्रवाई की अनुशंसा की है।

### टेक होम राशन वितरण में ऐसे किया भ्रष्टाचार

- स्कूल शिक्षा विभाग ने किशोरियों की संख्या 0.43 लाख बताई, जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग ने 5.51 लाख बताई। इस तरह राज्य शिक्षा केंद्र के डेटा के विरुद्ध 5.51 लाख की काल्पनिक संख्या को सही मानते हुए 110.78 करोड़ का अधिक खर्च कर दिया।
- बाड़ी, धार, मंडला, रीवा, सागर और शिवपुरी के संयंत्रों ने राशन उपलब्ध नहीं होने के बावजूद 4.80 करोड़ की लागत का 773.21 मीट्रिक टन राशन बांटना बताया।
- इन 6 संयंत्रों ने 5.46 करोड़ की लागत का 883.55 मीट्रिक टन राशन परिवहन का दावा किया। लेकिन सत्यापन में पता चला कि परिवहन का जो साधन ट्रक बताए गए उसकी जगह वाहन बाइक, कार व ऑटो निकले।
- आठ जिलों में 96,541.56 मीट्रिक टन राशन स्टॉक में लिया। जबकि मात्र 86,397.21 मीट्रिक टन ही आंगनवाड़ी केंद्रों को भेजा। इस तरह 62.53 करोड़ का 10,144.35 मीट्रिक टन राशन बांटा ही नहीं गया।
- सीडीपीओ ने 1.28 करोड़ का राशन प्राप्त ही नहीं किया, तब भी भुगतान के चालान सत्यापित कर दिए।
- कोलारस व खनियाधाना के सीडीपीओ ने मई से लेकर दिसंबर 2018 तक संयंत्रों से 5.10 करोड़ का 822.95 मीट्रिक टन राशन के दस्तावेज नहीं रखे।
- 237 करोड़ के राशन के जांच के लिए भेजे गए नमूने पोषण मानक के अनुरूप थे ही नहीं। कुपोषण खत्म करने की बजाए खराब राशन दिया गया।
- शिवपुरी व सागर के गोदामों में 1.15 लाख मूल्य के 2865 राशन पैकेट उपलब्ध होने के बावजूद नहीं बांटे गए।
- आठ जिलों में सीडीपीओ और डीपीओ ने 2018 से 21 तक आंगनवाड़ियों का निरीक्षण ही नहीं किया, जो खराब नियंत्रण को दर्शाता है।

### दूसरे विभागों में भी सामने आए मुद्दे

- सड़क विकास निगम ने ठेकेदारों पर 30.11 करोड़ का आर्थिक दण्ड लगाया था, लेकिन उनसे यह दण्ड नहीं वसूला गया।
- धोखाधड़ी प्रक्रिया के स्पष्ट प्रमाणों के बावजूद, सीएससी के विरुद्ध कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई। इस प्रकार 28 मदों के निष्पादन में 10.20 करोड़ का अनुचित लाभ पहुंचाया गया।
- मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमीशन कंपनी के टॉवर गिरने की अत्याधिक घटनाएं हुई, लेकिन कंपनी जानकारी छिपाती रही। वर्ष 2019-22 के दौरान 29 घटनाओं में कुल 104 टावर ढह गए। जिसके परिणाम स्वरूप 4555 घंटे एवं 30789 घंटे की बीच बिजली आपूर्ति बाधित हुई। कंपनी ने केवल सात घटनाओं की जांच 80 से 227 दिनों की देरी से की। 29 घटनाओं में से 18 घटनाएं ( 220 केवी और इससे ऊपर ) केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण को सूचना देने योग्य थीं, लेकिन कंपनी ने केवल सात घटनाओं की सूचना दी।
- 20 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में से सात में स्त्री रोग विशेषज्ञ या सीएसी प्रशिक्षत चिकित्सा अधिकारी तैनात नहीं थे। चिकित्सीय गर्भपात ( एमटीपी ) का काम अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा किया गया।

### केंद्र की व्यवस्था में लगाई सेंध

केंद्र के पूरक पोषण कार्यक्रम के तहत मप्र के महिला एवं बाल विकास विभाग में टेक होम राशन व्यवस्था लागू है। जिसमें 6 माह से लेकर 3 वर्ष की उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओ, 11 से 14 वर्ष उम्र की स्कूल न जाने वाली किशोरियों को टेक होम राशन के तहत पूरक पोषण देना था। इसके लिए वर्ष 2018 से 2021 के बीच 2393.21 करोड़ का 4.04 लाख मीट्रिक टन राशन खरीदकर 1.35 करोड़ हितग्राहियों को बांटा गया।




## संपादकीय

# पड़ोसी का बदलता रुख

पड़ोसी से संबंध जितने मधुर रहे उतना ही बेहतर होता है। भारत के लिये यह मामला थोडा मुश्किल भरा रहा है। ऐसे में भारत और श्रीलंका के बीच का भरोसा बहुत उम्मीद पैदा करता है। केवल कूटनीतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि आपसी सहयोग के स्तर पर भी दोनों के संबंधों की एक मजबूत कड़ी रही है। मगर पिछले कुछ समय से बदलती भू-राजनीतिक तस्वीर में श्रीलंका में चीन के प्रभाव का विस्तार होता दिखा है। हाल ही में जब वहां के संसदीय चुनाव में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के नेतृत्व वाले गठबंधन को भारी जीत मिली तो इस धारणा को और बल मिला कि अब शायद चीन को वहां अपने पांव और फैलाने का मौका मिलेगा। मगर सत्ता में आने के बाद अब जिस तरह दिसानायके ने अपने विदेश दौरे के लिए सबसे पहले भारत को चुना, उससे कई संकेत उभरते हैं। यों भी कोई देश कूटनीतिक स्तर पर भले ही दुनिया भर में अपने संपर्कों का विस्तार करे, लेकिन बहुत कुछ इस पर भी निर्भर करता है कि अपने पड़ोसी देशों के साथ उसके संबंध कैसे हैं। इस लिहाज से श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके के भारत दौरे की अपनी अहमियत है। दरअसल, करीब दो वर्ष पहले जब श्रीलंका घोर आर्थिक संकट से जूझ रहा था और वहां अराजकता जैसे हालात पैदा हुए, तब भी भारत ने उस स्थिति से उबरने में अपनी ओर से हर स्तर पर सहयोग किया था। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने इस सहयोग को याद करते हुए एक तरह से भारत के प्रति आभार जताया और साफ शब्दों में यह आश्वासन दिया कि वे अपने देश की जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होने देंगे। यह भारत के लिए एक राहत भरा संदेश है, क्योंकि सीमापार के इलाकों में स्थित ठिकानों से संचालित आतंकी गतिविधियों का दंश भारत ने लंबे समय से झेला है। इसके अलावा, भारत और श्रीलंका ने अपनी साझेदारी को विस्तार देने के लिए भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाते हुए रक्षा सौदे को जल्द अंतिम रूप देने का संकल्प लिया और बिजली ग्रिड कनेक्टिविटी और बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन स्थापित करके ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने का भी फैसला लिया है। आर्थिक और ऊर्जा क्षेत्र में साझेदारी के साथ ही साइबर सुरक्षा के लिए नए मोर्चे पर काम करने के साथ आतंकवाद, तस्करी और संगठित अपराधों के खिलाफ साझा लड़ाई के लिए भी सहयोग को विस्तार दिया जाएगा। भारत और श्रीलंका नौसेना का संयुक्त अभ्यास भी चल रहा है। यानि कहा जा सकता है कि एक विकट दौर से निकल कर श्रीलंका अब अपनी स्थिति में सुधार के लिए ठोस प्रयास कर रहा है। इस क्रम में भारत के साथ संबंधों के नए अध्याय से भविष्य को लेकर बेहतर उम्मीदें पैदा होती हैं। दिसानायके जनता विमुक्ति पेरामुना यानी जेवीपी के सबसे अहम नेता रहे हैं और उन्होंने वामपंथी दलों के गठबंधन नेशनल पीपल्स पावर यानी एनपीपी के तहत चुनाव लड़ा था। एनपीपी का भारत विरोधी रुख छिपा नहीं रहा है। इसलिए आशंका स्वाभाविक थी कि दिसानायके के सत्ता में पांव मजबूत होने के बाद क्या श्रीलंका की नीति बदलेगी और उसके कदम चीन की ओर बढ़ेंगे। मगर यह भी तथ्य है कि विदेश नीति के मामले में श्रीलंका अब तक गुटनिरपेक्षता की राह पर चलता आया है। आमतौर पर किसी देश की सत्ता के बदलने के बावजूद विदेश नीति में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं आता है। साथ ही, श्रीलंका और भारत के बीच साझेदारी का एक लंबा सफर रहा है। इसलिए अगर दोनों देश एक दूसरे के सुरक्षा हितों और संवेदनशीलताओं को ध्यान में रख कर आगे कदम बढ़ाते हैं तो यह द्विपक्षीय हित में एक जरूरी पहल होगी और इसका असर दूर तक देखा जा सकेगा।

# चुनावी राजनीति में सॉफ्ट टारगेट क्यों बनती जा रही हैं महिलाएं

■ संतोष पाठक



भारत की राजनीति में महिलाएं राजनीतिक दलों के लिए एक सॉफ्ट टारगेट बनती जा रही हैं। देश के सभी राजनीतिक दलों को यह लगने लगा है कि महिला मतदाताओं को लुभा कर चुनावी जीत हासिल की जा सकती है। यही वजह है कि एक के बाद एक कई राज्यों में राजनीतिक दलों ने खासकर सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों ने महिलाओं के खाते में सीधे कैश पहुंचा कर सत्ता में फिर से वापसी करने में कामयाबी हासिल कर ली है।मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री रहने के दौरान शिवराज सिंह चौहान, लाडली बहना योजना चलाकर अपने आपको पूरे राज्य की महिलाओं के लिए भाई और बच्चों के लिए मामा के रूप में स्थापित कर चुके हैं। शिवराज सिंह चौहान सरकार के नक्शे-कदम पर चलते हुए हाल ही में महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की महायुति गठबंधन सरकार और झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने सत्ता में जोरदार वापसी की है। राजनीतिक दल चुनावी राजनीति के हिसाब से किस तरह से महिलाओं को सॉफ्ट टारगेट मान रहे हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विभिन्न राज्यों में सत्तारूढ़ सरकारें अब चुनाव से पहले महिलाओं के खाते में एक निश्चित रकम भेजने की योजना लाते हैं और अगर संभव होता है तो एक-दो क़िस्त भेज भी देते हैं और फिर महिलाओं से यह वादा करते हैं कि अगर वे उनकी पार्टी को चुनाव जीता दें तो फिर से सरकार बनने के बाद वे उस राशि को बढ़ा देंगे। अब इसे महिला सम्मान योजना का नाम दिया जाए या लाडली बहना योजना का नाम दिया जाए या फिर कोई और नाम दिया जाए लेकिन सही मायनों में यह एक चुनावी रिश्वत से ज्यादा कुछ नहीं होता है।

हाल ही में दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने भी यही किया। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के नाम पर हर महिला के खाते में एक हजार रुपए भेजने की घोषणा की, हालांकि वे और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, दोनों ही इस बात को बखूबी समझते हैं कि चुनाव से पहले महिलाओं के खाते में पैसे जाने की संभावना बहुत ही कम है। लेकिन उस पर भी तुर्रा देखिए कि केजरीवाल ने एक तरह से महिलाओं को चुनावी लालच देते हुए यह भी घोषणा कर दी है कि विधानसभा चुनाव जीतवा दो तो इसे बढ़ाकर 2100 रुपए कर दिया जाएगा। हालांकि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने इस योजना में होने वाले खर्च की राशि को लेकर कई तरह की गंभीर चिंताएं व्यक्त की हैं।

भारत जैसे कल्याणकारी राज्य में इस तरह की योजनाओं की प्रासंगिकता पर सवाल नहीं उठाए जाने चाहिए लेकिन यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि राजनीतिक दल इसे चुनाव जीतने के लिए एक टूल की तरह इस्तेमाल करने लग गए हैं। चुनावी शोर, चुनावी वादें और चुनावी जीत की गहमा-गहमी के बीच असली मुद्दे कहीं गौण होते नजर आ रहे हैं।

सवाल यह खड़ा हो रहा है कि आखिर इस तरह की योजनाएं चुनाव के पहले ही क्यों शुरू की जाती है ? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या 1000, 1500, 2100 या 3000 रुपए की राशि से सभी समस्याओं का स्थायी समाधान हो जाता है। वास्तव में एक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा में फ्री शिक्षा, फ्री स्वास्थ्य और फ्री नौकरी निहित होती है लेकिन विडंबना देखिए कि सरकारों ने इन मुद्दों पर स्थायी काम करने की बजाय कामचलाऊ हल ढूंढ लिया है।सरकार और देश के राजनीतिक दल, लोगों को फ्री शिक्षा, फ्री स्वास्थ्य और फ्री नौकरी देने से बचने के लिए बाकी हर चीज मुफ्त में देने को तैयार है। ऐसे में अब वक्त आ गया है कि महिला मतदाताओं को ही आगे बढ़कर, नेताओं से यह सवाल पूछना चाहिए कि सरकारी स्कूलों और कॉलेजों की हालत इतनी खराब क्यों हैं? प्राइवेट स्कूलों और कॉलेजों की फीस बेतहाशा क्यों बढ़ती जा रही है ? जिस देश में बड़े पैमाने पर डॉक्टरों की कमी है, उस देश में एमबीबीएस की पढ़ाई का खर्च सालाना एक करोड़ रुपए से भी ज्यादा कैसे हो गया है? सरकारी अस्पताल में समय पर उचित और फ्री इलाज क्यों नहीं मिल पा रहा है ? नौकरी तक का फॉर्म भरने के लिए बेरोजगार बच्चों से सैकड़ों-हजारों रुपए क्यों लिए जा रहे हैं ? क्योंकि अगर आप जोड़ कर देखेंगी तो ये सभी खर्च मिलाकर आपको महिला सम्मान या लाडली बहना योजना के नाम पर मिलने वाली राशि से कई हजार गुना ज्यादा बैठ जाएगी।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## मानव एकता दिवस

# समर्थ लोग निर्बल लोगों को स्नेह-सहयोग दें

■ ललित गर्ग



लोगों के बीच एकजुटता के महत्व को बताने, गरीबी पर अंकुश लगाने, दुनिया भर में गरीबी उन्मूलन के लिए नए रास्तों की तलाश करने, विकासशील देशों में मानव और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने, शांति एवं सौहार्दपूर्ण जीवन को संभव बनाने, सरकारों को अंतरराष्ट्रीय समझौतों पर अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने की याद दिलाने एवं पूरी दुनिया में, विशेष रूप से विकासशील देशों में सहयोग, शांति, सह-जीवन, समानता और सामाजिक न्याय की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस हर साल 20 दिसंबर को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 22 दिसंबर 2005 को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को विश्व एकजुटता कोष और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर केंद्रित हैं। इस दिवस को मनाते हुए हर व्यक्ति शिक्षा में योगदान देकर, गरीबों या शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करके अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिवस के माध्यम से सरकारों को सतत विकास लक्ष्य के गरीबी और अन्य सामाजिक बाधाओं का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। विविधता में एकता दर्शाने, सतत विकास के लिए लोगों, सरकारों को प्रेरित करने, लोगों को गरीबी, भुखमरी, बीमारियों से बाहर निकालने के लिए इस दिवस का विशेष महत्व है। इसमें भारत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ है भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को मानव एकता की दृष्टि से एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, ÷संयुक्त राष्ट्र के निर्माण ने विश्व के लोगों और राष्ट्रों को एक साथ शांति, मानवाधिकारों और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आकर्षित किया। संगठन की स्थापना अपने सदस्यों के बीच एकता और सद्भाव के मूल आधार पर की गई थी, जो सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा में व्यक्त की गई थी, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने सदस्यों की एकजुटता पर निर्भर करती है।÷ अंतरराष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस सतत विकास एवं समतामूलक विकास के एजेंडा पर आधारित है, जो अपने आप में गरीबी, भूख और बीमारी जैसे कई दुर्बल पहलुओं से लोगों को बाहर निकालने के लिए केंद्रित है। 'मिलेनियम डिक्लेरेशन' को ध्यान में रखते हुए, एकजुटता को 21वीं सदी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत मूल्यों में से एक माना जाता है, जिसके तहत कम से कम लाभ उठाने वाले और सबसे अधिक मुश्किलों का सामना करने वाले लोग उन लोगों की मदद के योग्य होते हैं जिन्हें सबसे अधिक लाभ मिलता है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने कहा भी है कि एक व्यक्ति तब तक जीना शुरू नहीं करता जब तक वह अपनी व्यक्तिगत चिंताओं के संकीर्ण दायरे से ऊपर उठकर समस्त मानवता की व्यापक चिंताओं तक नहीं पहुंच जाता।

आज समूची दुनिया में मानवीय एकता एवं चेतना के साथ खिलवाड़ करने वाली त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियां सर्वत्र परिव्याप्त हैं-जिनमें आतंकवाद सबसे प्रमुख है। जातिवाद, अस्पृश्यता, सांप्रदायिकता, महंगाई, गरीबी, भिखमंगी, विलासिता, अमीरी, अनुशासनहीनता, पदलिप्सा, महत्वाकांक्षा, उत्पीड़न और चरित्रहीनता आदि अनेक परिस्थितियों से मानवता पीड़ित एवं प्रभावित है। उक्त समस्याएं किसी युग में अलग-अलग समय में प्रभावशाली रहीं होंगी, इस युग में इनका आक्रमण समग्रता से हो रहा है। आक्रमण जब समग्रता से होता है तो उसका समाधान भी समग्रता से ही खोजना पड़ता है। हिंसक परिस्थितियां जिस समय प्रबल हों, अहिंसा का मूल्य स्वयं बढ़ जाता है। महात्मा गांधी ने कहा है कि आपको मानवता में विश्वास खोना नहीं चाहिए। मानवता एक महासागर है। यदि महासागर की कुछ बूंदें गंदी हैं, तो भी महासागर गंदा नहीं होता है।' ऐसे ही विश्वास को जागृत करने के लिये ही विश्व मानव एकता दिवस की आयोजना की गई है।

गरीबी का कारण हिंसा, आतंक, अप्रामाणिकता, संग्रह, स्वार्थ, शोषण और क्रूरता आदि हैं, इनके दंश मानवता को मूर्च्छित कर रहे हैं एवं मानव एकता की सबसे बड़ी बाधाएं हैं। इस मूर्च्छा को तोड़ने के लिए अहिंसा, सह-जीवन, सौहार्द, शांति और सह-अस्तित्व का मूल्य बढ़ाना होगा तथा सहयोग एवं संवेदना की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ समाज-संरचना की परिकल्पना को आकार देना होगा। दूसरों के अस्तित्व के प्रति संवेदनशीलता मानव एकता का आधार तत्व है। जब तक व्यक्ति अपने अस्तित्व की तरह दूसरे के अस्तित्व को अपनी सहमति नहीं देगा, तब तक वह उसके प्रति संवेदनशील नहीं बन पाएगा। जिस देश और संस्कृति में संवेदनशीलता का स्रोत सूख जाता है, वहाँ मानवीय रिश्तों में लिजलिजापन आने लगता है। अपने अंग-प्रत्यंग पर कहीं प्रहार होता है तो आत्मा आहत होती है। किंतु दूसरों के साथ ऐसी घटना घटित होने पर मन का एक कोना भी प्रभावित नहीं होता। यह संवेदनहीनता की निष्पत्ति है। इस संवेदनहीन मन की एक वजह सह-अस्तित्व का अभाव भी है। नेल्सन मंडेला ने कहा है कि हमारी मानवीय करुणा हमें एक दूसरे से जोड़ती है-दया या संरक्षण के भाव से नहीं, बल्कि ऐसे मानव के रूप में जिसने सीख लिया है कि कैसे अपने साझा दुख को भविष्य के लिए आशा में बदला जाए।

आज हम इतने संवेदनशून्य हो गये हैं कि औरों का दुःख-दर्द, अभाव, पीड़ा, औरों की आहें हमें कहीं भी पिघलाती नहीं। देश और दुनिया में निर्दोष लोगों की हत्याएं, युद्ध की विभीषिकाएं, हिंसक वारदातें, आतंकी हमले, अपहरण, जिन्दा जला देने की रक्तरंजित सूचनाएं, महिलाओं के साथ व्यभिचार-बलात्कार की वारदातें पढ़ते-देखते हैं पर मन इतना आदती बन गया कि यूं लगता है कि यह सब तो रोजमर्रा का काम है। न आंखों में आंसू छलकते हैं, न पीड़ित मानवता के साथ सहानुभूति जुड़ती है। न सहयोग की भावना जागती है और न नृशंस क्रूरता पर खून खौलता हैं। हमें सिर्फ स्वयं को बचाने की चिन्ता है। तभी औरों का शोषण करते हुए नहीं सकुचाते। हमें संवेदना को जगाना होगा। तभी जे.के. राउलिंग ने कहा भी है कि हमें दुनिया को बदलने के लिये जादू की आवश्यकता नहीं है। हम बस मानव की सेवा करके ऐसा आसानी से कर सकते हैं।' इसी मानव-सेवा की मूल भावना मानव एकता दिवस का हार्द है। है। यह दिन वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में दुनिया भर के लोगों की एकता, सहयोग और साझा जिम्मेदारी के महत्व पर जोर देता है। इस दिन को मनाकर मानव को एकजुटता में रखकर एक साथ काम करने और सभी के लिए एक बेहतर दुनिया बनाने का संदेश दिया जाता है।

सामाजिक मूल्य-परिवर्तन और मानदंडों की प्रस्थापना से लोकचेतना में परिष्कार हो सकता है। इस दृष्टि से विश्व मानव एकता दिवस की उपयोगिता बढ़-चढ़ कर सामने आ रही है। जब तक दुनिया अस्तित्व में है, अन्याय और अत्याचार होने की संभावनाओं से नकारा नहीं जा सकता। लेकिन जो लोग सक्षम और समर्थ हैं, उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि वे लोग अपने से निर्बल लोगों को भी स्नेह दें। हर साल, आपदाओं एवं मानव-भूलों से लाखों लोगों विशेषतः दुनिया के सबसे गरीब, सबसे हाशिए पर आ गये लोग और कमजोर व्यक्तियों को अपार दुःख का सामना करना पड़ता है।

मानवतावादी सहायताकर्मी इन आपदा प्रभावित समुदायों एवं लोगों को राष्ट्रीयता, सामाजिक समूह, धर्म, लिंग, जाति या किसी अन्य कारक के आधार पर भेदभाव के बिना जीवन बचाने में सहायता और दीर्घकालिक पुनर्वास प्रदान करने का प्रयास करते हैं। वे सभी संस्कृतियों, विचारधाराओं और पृष्ठभूमि को प्रतिबिंबित करते हैं और मानवतावाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से वे एकजुट हो जाते हैं। इस तरह की मानवतावादी सहायता मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता और स्वतंत्रता सहित कई संस्थापक सिद्धांतों पर आधारित है। आज अनुभव किया जा रहा है कि देश एवं दुनिया विकृतियों की शूली पर चढ़ा है। नैतिक मूल्यों के आधार पर ही मनुष्य उच्चता का अनुभव कर सकता है और मानवीय प्रकाश पा सकता है। मानव एकता का प्रकाश सार्वकालिक, सार्वदेशिक, और सार्वजनिक है। इस प्रकाश का जितनी व्यापकता से विस्तार होगा, मानव समाज का उतना ही भला होगा। इसके लिए तात्कालिक और बहुकालिक योजनाओं का निर्माण कर उनकी क्रियान्विति से प्रतिबद्ध रहना जरूरी है। यही विश्व मानव एकता दिवस मनाने को सार्थक बना सकता है।

**: यह लेखक के निजी विचार हैं)**

> ऐसे देश में निवास न करें जहां आपका सम्मान न हो, आप अपनी आजीविका नहीं कमा सकते, कोई मित्र नहीं है, या ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकते।
>
> -चाणक्य

## आज का इतिहास

- 2012- पार्क ग्युन हे दक्षिण कोरिया की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गईं। हालांकि, 2017 में उन्हें भ्रष्टाचार के चलते पद से हटा दिया गया। उन्हें 25 साल की सजा सुनाई गई।
- 2008- केनरा बैंक, एचडीएफसी व बैंक ऑफ़ राजस्थान ने आवास ऋण सस्ता करने की घोषणा की।
- 2007- टाइम पत्रिका ने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन को पर्सन आफ़ द ईयर के ख़िताब से नवाजा।
- 2006- शैलजा आचार्य को नेपाल ने अपना भारत में नया राजदूत नियुक्त किया।
- 2005- अफ़ग़ानिस्तान में तीन दशक बाद लोकतांत्रिक पद्धति से चुनी गयी देश की पहली संसद की पहली बैठक आयोजित।
- 2003- संयुक्त राज्य अमेरिका ने कश्मीर समस्या को संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के तहत हल करने की पाकिस्तान की मांग छोड़ने का स्वागत किया।
- 2000- आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराकर लगातार 13वां टेस्ट मैच जीता।
- 1999- 443 वर्षों तक पुर्तग़ाली उपनिवेश में रहने के बाद मकाऊ का चीन को हस्तांतरण।
- 1998- अमर्त्य सेन को बांग्लादेश ने मानद नागरिकता से नवाजा।
- 1998- अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव ने उस वक्त के राष्ट्रपति बिल क्लिंटन पर महाभियोग लगाया। हालांकि, उच्च सदन सीनेट से उन्हें बरी कर दिया गया।
- 1997- इतिहास में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक टाइटैनिक रिलीज हुई। फिल्म में लियोनार्डो डि कैप्रियो और केट विंसलेट मुख्य भूमिका में थे।
- 1961- गोवा को पुर्तग़ाल की गुलामी से आजादी मिली। ऑपरेशन विजय के तहत भारतीय सैनिकों ने गोवा,दमन और दीव को पुर्तग़ाल से मुक्त कराया।
- 1958- सुकुमार सेन भारतीय गणराज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त/मुख्य चुनाव आयुक्त पद से रिटायर हुए।

## निशाना

### हो ऐसे तैयारी !



-कृष्णेन्द्र राय

मिल रही नसीहत ।
हो ऐसे तैयारी ।।
रणनीति पर काम ।
होगा रखना ज़ारी ।।
गुरु मंत्र मिल रहा ।
पल पल हो सुधार ।।
कैसे भी बढ़ाना है ।
अपना ये आधार ।।
झोंकनी है ताक़त ।
आ गया वो वक्त ।।
ना बनना है ढ़ीला ।
हो जाना है सख्त ।।
बढ़ते जाना आगे ।
हों विरोधी पस्त ।।
सीटें बढ़ने वाली ।
हैं करते आश्वस्त ।।

## तेन्दूखेड़ा से 50 लोगों का जत्था पैदल माता मैहर के लिए रवाना हुआ



**विशाल रजक तेन्दूखेड़ा।** नगर से मैहर शारदा माता के दर्शनों के लिए बुधवार को माता रानी के भक्तों का जत्था पदैल यात्रा के लिए मढियाघाट हनुमान मंदिर से सुबह 10 बजे रवाना हुआ है जिसमें करीब 50 यात्रियों का जत्था भागीरथ रजक पंडा के नेतृत्व में मैहर शारदा माता के दर्शनों के लिए गाजे बाजे के साथ रवाना हुए पंडा भागीरथ रजक ने बताया कि मां शारदा मैहर के दर्शन करने पदैल जा रहे हैं यह उनकी 28 वीं यात्रा है इस दौरान माता रानी के दर्शनों के लिए जाने वाले भक्तों के परिजन एवं गणमान्य नागरिक नगर के बाहर जयकारों के साथ पदैल छोड़ने गए इस दौरान नगर के लोगों के साथ यात्रा में जाने वाले लोग मौजूद थे।

# आनंद संस्थान द्वारा अल्पविराम कार्यक्रम आयोजित

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम. बनखेड़ी में राज्य आनंद संस्थान द्वारा एक दिवसीय 'ब्लॉक स्तरीय अल्पविराम कार्यक्रम' बनखेडी के जनपद कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और प्रार्थना के साथ किया गया। सीईओ जनपद पंचायत सोहागपुर श्रीमति अल्का इक्का द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम के शुरू में ÷आनंद की ओर÷ और आनंद विभाग का परिचय मास्टर ट्रेनर ओम प्रकाश विश्वकर्मा के द्वारा दिया गया। तत्पश्चात मास्टर ट्रेनर सुमन सिंह के द्वारा जीवन का लेखा-जोखा का सत्र लिया गया। जिसमें उन्होंने कुछ प्रश्नों के माध्यम से



लोगों को उनके जीवन का लेखा जोखा तैयार करवाया गया। जिसमें उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर बताया कि हम दूसरे लोगों से तो उम्मीद करते हैं और अपने दुख का कारण उन्हें मानते हैं, लेकिन हम अपनी ओर देखना भूल जाते हैं। इस सत्र के माध्यम से लोगों को उनके खुद के साथ कनेक्ट करने का काम किया गया। दूसरे सत्र में सुश्री विप्रा मोदी के द्वारा रिश्तों के महत्व पर चर्चा की गई जिसको उन्होंने रिश्तों के मैप के द्वारा बताया कि हम समझ सकते हैं कि हमारे रिश्ते किसके साथ बिगड़े हुए हैं और किसके साथ अच्छे हैं। बिगड़े हुए रिश्तों पर हम को सुधार हेतु काम करना है। कार्यक्रम के अंत में फीडबैक लिया गया । जिसमें उपस्थित सभी लोगों के द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई और यह प्रण लिया गया कि हम अपनी जिंदगी के लेखे-जोखे को दुरुस्त करेंगे और अपने सभी रिश्तों को अच्छा बनाने का प्रयास करेंगे। प्रमाण पत्र का वितरण सीईओ जनपद पंचायत अल्का इक्का के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, जनपद पंचायत एवं जन अभियान परिषद के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे। जनपद के टीका राम कुमरे का महत्व पूर्ण सहयोग रहा. आनंदम सहयोगी की भूमिका में आशा रघुवंशी, ओम पटेल उपस्थित रहे।

## बिना चौकीदार के चल रहे है जलाशय !

# अज्ञात तत्वों ने सलूस गेट तोड़ा

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

जल संशाधन विभाग के अंतर्गत अनुविभाग मै 16 जलाशय हैं और इन्हीं जलाशयो मैं से अधिकांश जलाशयो रखरखाव नहीं होने की चलते बद् से बदतर हो रहे है विभाग के अधिकारी भी इस ओर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दे रहे हैं साथ ही तेंदूखेड़ा में पदस्थ प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी ने जब से यहां का प्रभार लिया है तब से कभी कभार ही तेंदूखेड़ा आए हैं भी अपना मुख्यालय जबेरा बनाए हुए हैं जिसके कारण क्षेत्र के किसान भी परेशान हैं ताजा मामला नगर से लगभग 25 किलोमीटर दूर गहरा नाला जलाशय है इस जलाशय की क्षमता 302 हेक्टेयर है इससे सैलबाडा, साईपुरा, पाठादौ, दौनी के किसान तथा डूब क्षेत्र के किसान अपने खेतो की सिंचाई करते हैं जलाशय से दो नहरी निकली है जो मेन नहर है वह 2 किलोमीटर लंबी एवं माइनर नहर एक किलोमीटर लंबी है

सबसे बड़ी हैरानी है इसको वने करीब 17-18 वर्ष हो चुके हैं, जो लगातार विभाग की उदासीनता का शिकार हो रहा है। जलाशय में कोई चौकीदार नही है रबि फसल का सीजन चल रहा तालाब की नहर में इतना ज्यादा पानी खोल दिया जाता है कि नाला के माध्यम से जबेरा तहसील के ग्राम करनपुरा, पारना, डेलनखेडा, बंशीपुर तक चला जाता है। कुछ असमाजिक तत्व एवं कुछ दबंगों द्वारा पानी बहाया जा रहा है, अभी गेहूं की फसल में पहला पानी चल रहा है और पानी खत्म होने की कगार पर है जिससे नीचे के किसानों में चिंता ब्याप्त है, ऐसा पहली बार हो रहा है, बेस्ट वीयर के गेट तोड़ दिए गये है जिससे पानी लगातार बह रहा है, विभाग में कोई जवावदार अधिकारी कर्मचारी नहीं है, वास्तविकता यह है कि तालाब के ऊपर किसान मोटर पंप द्वारा पानी का दोहन माह सितंवर से करने लगते है उसमें मटर की फसल में पानी देते है, साथ ही तालाव से पानी 2 किलोमीटर दूर तक ले जाकर खेती कर रहे है, ओ पात्र नहीं है, कुछ लोग वन विभाग की जमीन को सैकड़ों एकड़ है उसमें पंपो द्वारा पानी ले जा रहे है, जिसका राजस्व सिचाई विभाग को नहीं मिल रहा है, और पानी सबसे ज्यादा खर्च हो रहा है, जिससे तालाब के नीचे जो पात्र किसान है उनको पानी नही मिल रहा है।



### किसान अपनी मनमर्जी से सलूस गेट खोल लेते हैं : त्रिपाठी

इस संबंध में गहरा नाला जलाशय के प्रभारी अमीन रविशंकर त्रिपाठी ने बताया कि 4 दिसंबर से किसान परेशान किए हुए हैं चाहे जब अपनी मनमर्जी से सलूस गेट खोल लेते हैं तथा 9 सितंबर की रात में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सलूस गेट तोड़ दिया गया है जिससे समस्त पानी बेकार में बह गया है तालाब में 3 फीट ही पानी बचा है वह भी लगातार निकल रहा है आगे जाकर किसानों को सिँचाई की समस्या उत्पन्न होगी इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है जल संसाधन विभाग के प्रभारी एसडीओ राहुल जैन का कहना है कि मुझे आपके द्वारा जानकारी लगी है मैं कर्मचारियों को भेज कर पता करवाता हूं उसके बाद ही कुछ बता पाऊंगा।

# कोटपा एक्ट का उल्लंघन करने वाले 18 लोगों पर की चालानी कार्रवाई

■ **दुकानों पर तंबाकू पदार्थो का प्रदर्शन प्रतिबंधित**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बुधवार को शहरी क्षेत्र बैतूल में कोटपा एक्ट 2003 के उल्लंघनकर्ताओं पर चालानी कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रविकांत उइके के निर्देशन में जिला स्तरीय जांच एवं निगरानी दल (इन्फोर्समेंट स्क्वाड) द्वारा शहरी क्षेत्र बैतूल के बस स्टैंड, हमलापुर चौक, लल्ली चौक, रेलवे स्टेशन गंज, बैतूल बाजार में 18 व्यक्तियों पर कुल 1430 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई।

कार्रवाई में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. ज्योति सूर्यवंशी, खाद्य निरीक्षक संदीप पाटिल, उप जिला मीडिया अधिकारी महेशराम गुबरेले, औषधि निरीक्षक जॉन प्रवीण, उप निरीक्षक यातायात हीरालाल धुर्वे, सम्मिलित रहे। कार्रवाई के दौरान सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 धारा 4 के अंतर्गत आमजन को समझाइश दी गई कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंधित है और इन स्थानों पर धूम्रपान करने वाले लोगों पर 200 रूपये तक जुर्माने का प्रावधान है। धारा 5 के अंतर्गत तम्बाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों तरह के विज्ञापनों पर प्रतिबंध है। धारा 6 की जानकारी देते हुए बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा किसी भी प्रकार के तम्बाकू पदार्थ को खरीदना व बेचना अपराध है। किसी भी सामान बेचने वाली दुकान पर तम्बाकू पदार्थों का प्रदर्शन प्रतिबंधित है। तम्बाकू पदार्थों की वेंडिंग मशीनों द्वारा ब्रिकी प्रतिबंधित है। धारा 7 के अंतर्गत प्रत्येक तम्बाकू उत्पाद पर चित्रात्मक स्वास्थ्य चेतावनी होनी चाहिये। यह चेतावनी हर 12 महीनों में बदली जायेगी। तंबाकू के विभिन्न उत्पाद जैसे गुटका, पाउच, बीड़ी, सिगरेट, खैनी,नस मंजन आदि के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में आमजन को जानकारी भी प्रदाय की गई। तंबाकू से होने वाले घातक प्रभावों एवं प्रमुख बीमारियों के बारे में अवगत कराया गया, नशामुक्ति अभियान संबंधी महत्वपूर्ण संदेश दिये गए.

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की कार्यकारणी गठित

# संतोष सिंह चंदेल बने जिला मीडिया प्रभारी

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार सिकरवार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजीव सिंह (गुड्डू) भदौरिया, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष (युवा) रणविजय सिंह, राष्टीय प्रमुख उपाध्यक्ष ठा. भेरुसिंह चौहान, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला विंग श्रीमती उषा पंवार की सहमति से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ठा. यशपाल सिंह सिसौदिया द्वारा नर्मदा पुरम जिले में नव नियुक्ति की गई है जिसमें अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला संरक्षक नर्मदा पुरम मस्तान सिंह राजपूत ठि. ढाबा कला,संतोष सिंह चंदेल(पत्रकार) जिला मीडिया प्रभारी नर्मदापुरम,अखिलेश सिंह राजपूत डोलरिया तहसील अध्यक्ष तहसील डोलरिया नर्मदापुरम संदीप सिंह राजपूत तहसील उपाध्यक्ष आष्टा जिला सीहोर, विजय सिंह राजपूत जिला प्रमुख उपाध्यक्ष,नर्मदापुरम जितेन्द्र सिंह पंवार जिला उपाध्यक्ष







नर्मदापुरम के पद पर नियुक्त किया गया। आपकी सकारात्मक उर्जा का उपयोग क्षत्रिय महासभा को संगठित करने में एवं समाज उत्थान में निरन्तर सक्रिय रूप से कार्य करेंगे इसी विश्वास के साथ क्षत्रिय महासभा संगठन आपके स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना करता है। इस मौके पर समाज के लोगों ने बधाई दी।

# नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के वाहन जप्त चालानी कार्रवाई करके 29,400 जुर्माना वसूला

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के मार्गदर्शन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा के नेतृत्व मे चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत यातायात, साइबर और नशे के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न स्कूलो में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये आज तक लगभग 450 ट्रैक्टर ट्रालियों में आगे और पीछे रेडियम पट्टी लगाई गई है। यातायात पुलिस द्वारा लगातार चौथे दिन बिना हेलमेट वाले और अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। यातायात के अधिकारियों द्वारा इटारसी और शहर के अलग अलग स्थानों पर कार्यवाही की गई। चालानी कार्यवाही के दौरान कुल वाहनों में कमियां पाए जाने पर 75 वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई और इनमें से 74 वाहनों कुल रुपए 29,400 रूपये जुर्माना वसूल किया गया। जबकि एक वाहन चालक द्वारा शराब के नशे में वाहन चलाना पाए जाने से वाहन जप्त किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। दो नाबालिग बच्चों को वाहन चलाते पाये जाने पर चालक और उनके वाहन स्वामी पर भी जुर्माना लगाया गया और दोनों वाहनों पर 2300-2300 रुपए जुर्माना वसूल किया गया।



## मारपीट की घटना को लेकर एसपी को दिया ज्ञापन

**नर्मदापुरम।** नगर के वार्ड नंबर 33 के वार्डवासियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक आवेदन दिया जिसमें उल्लेख किया कि दिनांक 17 दिसंबर 2024 को हमारे वार्ड 33 में अंबेडकर गली में किरण भिसे के साथ लोकेश गोगले उसके भाई योगेश गोगले उसकी मां सुरेखा गोगले और लोकेश की पत्नी ने जो कृत्य किया वह बहुत ही गलत है और इस घटना ने हमें झकजोर दिया और हमारे समस्त वार्डवासी इस घटना से डरे हुए हैं। किरण भिसे के साथ दिनांक 18.11.2024 को लोकेश गोगले व उसका भाई योगेश गोगले और लोकेश की पत्नी उसकी मां ने मिलकर लोकेश गोगले के घर में ही किरण भिसे के भाई को बहुत मारा और किरण भिसे को भी बहुत ज्यादा मारा। पूरी रात इनको उन्हीं के घर में रखा गया और पूरी रात उनके साथ मारपीट और डराया धमकाया गया। किरण के भाई करण भिसे और योगेश गोगले की पत्नी राशिका गोगले ने बोला कि दोनों की दोस्ती थी और दोनों फोन पर बात करते थे यह बात उनके घर वालों को पसंद नहीं आई और उन्होंने यह कृत्य किया। उनके भाई योगेश कि सुबह 5ः00 बजे नर्मदापुरम से किसी ट्रेन में बैठा दिया गया डर के कारण किरण भिसे और उसका भाई नर्मदापुरम वापस नहीं आए। क्योंकि उन्हें काम करने के लिए रहने के लिए अपने दस्तावेज लग रहे थे तो वह लेने के लिए अपने घर नर्मदापुरम संजय नगर वापस आए। जिसकी सूचना लगते ही लोगों ने योगेश गोगले व लोकेश गोगले की पत्नी, लोकेश गोगले की मां सभी लोग किरण के घर में घुस गए उसके घर में तोड़फोड़ की उसके कपड़े फाड़े उसको घर से बाहर निकाल कर फेंक दिया गया। हम समस्त वार्ड के लोगों के सामने यह कृत्य हुआ। लेकिन हम डर के मारे भयभीत थे कि हम कुछ बोल ना पाए और उसमें हम पूरे वार्ड वासियों को धमकी भी दी कि अगर किसी ने साथ दिया या बोला तो हम उसको और उसके पूरे घर में आग लगा देंगे जिस जिस कारण कारण समस्त वार्ड वासी इस घटना से डरे हुए हैं और उस बेचारी बेसहारा लड़की किरण भिसे के माता–पिता भी नहीं है उसका सिर्फ एक छोटा भाई है जो कि मजदूरी करके अपना घर चला रहा है। किरण भिसे ने बताया कि लोकेश गोगले एवं उसकी परिवार ने हमें मारा है और हमारे विरुद्ध भी मामला बन गया। इसलिए हम पुलिस अधीक्षक से न्याय के लिए गुहार लगाने आए हैं।

## राहुल नगर अध्यक्ष तो मयंक बने पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष

**इटारसी।** भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष की घोषणा मंगलवार को देर रात सहुई, जिसमे इटारसी नगर मंडल अध्यक्ष की कमान राहुल चौरे को व पुरानी इटारसी मंडल की कमान मयंक मेहतो को सोपी गईं है। राहुल चौरे पिछले कई सालो से भाजपा में सक्रिय रहकर पार्टी के की जिम्मेदार पदो कार्य कर चुके है, श्री चौरे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व वर्तमान विधायक डॉ सीताशरण शर्मा के भी बहुत करीबी है,





जिसके चलते ऐसा कहा जा रहा है की मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति विधायक डॉ की पसंद के अनुसार हुई है। वही पुरानी इटारसी मंडल के नव नियुक्त अध्यक्ष मयंक दूसरी बार अध्यक्ष बनाये गए है, पिछले कार्यकाल में भी मयंक ने ही पुरानी इटारसी में कार्य करते हुए बहुत अच्छा कार्य किया था, जिसको पार्टी ने देखते हुए एक बार फिर मयंक को कमान सोपी है, ये भी विधायक डॉ शर्मा के करीबी है।

## क्रांतिकारियों के स्मरण में काव्य पाठ एवं देश भक्ति गीतों का आयोजन आज

**नर्मदापुरम।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 19 दिसम्बर को शहीदे आजम स्मृति समारोह शहीद अशफाक उल्ला खा एवं अन्य क्रांतिकारियों के स्मरण में अमर क्रांति पथ संस्था के द्वारा किया जा रहा है। अमर क्रांति पथ संस्था के अध्यक्ष महेन्द्र विद्रोही एवं सलाहकार एडव्होकेट मिर्जा इरफान बेग ने जानकारी दी है कि विगत 20-21 वर्षो से अमर क्रांतिकारियों की शहादत में यह कार्यक्रम निरंतर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विशिष्ट कवियों के माध्यम से काव्य पाठ एवं देश भक्ति गीत स्थानीय कलाकार अनूप रिछारिया एवं भरत खरे द्वारा देशभक्ति गीतों शमा बांधा जायेगा।

**मेट्रो एंकर** एसडीएम सरोज सिंह परिहार ने किया शुभारंभ

# भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकृत प्रीमियम संग्रह एवं सहायता केन्द्र का शुभारंभ

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

सिवनी मालवा भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा आमजन की सेवाओं में वृद्धि करते हुए कार्यालय के साथ प्रीमियम संग्रह व अन्य सेवाओं हेतु सहायता केन्द्र प्रारंभ किया गया है । एसडीएम श्रीमती सरोज सिंह परिहार, एलआईसी के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक हरदा डी.आर.सावले, शाखा प्रबंधक सिवनी मालवा जी.डी. नागले ने फीता काटकर सहायता केन्द्र का शुभारंभ किया ।

इस अवसर पर एसडीएम सरोज परिहार ने एलआईसी पाइंट की टीम को बधाई देते हुए बीमा क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता को बढ़ाने के लिए बनाई गई एलआईसी बीमा सखी योजना की सराहना करते हुए बीमा सखी हेतु चयनित श्रीमती उमा शर्मा एवं श्रीमती अपेक्षा शर्मा को नियुक्ति पत्र प्रदान किये।



सिवनी मालवा शाखा प्रबंधक जीडी नागले ने एलआईसी बीमा सखी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की । महिलाओं के साथ युवाओं को बीमा अभिकर्ता बनकर रोजगार से जुड़ने के अवसर के बारे में बताया । हरदा शाखा प्रबंधक डीआर सावले ने बीमा निगम से कई लोगों के जीवन में बदलाव आया है इसके बारे में बताया ।

एलआईसी लाईफ पाइंट संचालक शशांक कुमरावत एलआईसी विकास अधिकारी ने इस अवसर पर पधारे सभी अतिथियों व गणमान्य नागरिकों को सहायता केन्द्र द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के बारे में बताया, एलआईसी लाईफ पाइंट पर प्रातः 9 बजे से सांय 7 बजे तक सेवाएं प्रदान की जावेगी। सभी प्रकार की एलआईसी प्रीमियम जमाकर रसीद भी प्रदान की जावेगी । शुभारंभ अवसर पर राजू नरगोल्या को प्रीमियम जमा करने के बाद रसीद प्रदान की गई ।

इस अवसर पर एलआईसी प्रशासनिक अधिकारी जी.पी. शर्मा, छज्जू लाल कुमरावत, संदीप बंसल, शिशिर बंसल, प्रशांत शर्मा, चैन सिंह भवरे, अशोक साहू, राजेन्द्र सिंह राजपूत, योगिता सराठे, नरेश राठौर, चयन अग्रवाल, आशीष साकल्ले ने भारतीय जीवन बीमा निगम से जुड़े अनुभव साझा किये ।

# भोजपुर स्कूल में सोते हुए शिक्षक का वीडियो वायरल : जांच करने पहुंचे बीआरसी, सिरोंज के शिक्षक या तो स्कूल नहीं जाते और अगर स्कूल जाना पड़े तो नये-नये गुल खेलते है!

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर रोशन सिंह ने शिक्षा के स्तर में परिवर्तन लाने के लिए अच्छी पहल करते हुए सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति जिओ टेक से भरवाने का काम किया जा रहा है। इस वजह से जो शिक्षक पहले स्कूल नहीं जाते थे। अब उनको भी स्कूल जाना पड़ रहा है आते जाते समय जिओ टेक करना पड़ता है इसके बाद इनका वेतन मिलेगी। वही कई शिक्षक पढ़ाई से बचने के लिए स्कूलों में पहुंचकर अपना मूलकार्य न करते वह मोबाइल चलने से लेकर आराम करने में लगे हुए हैं कुछ शिक्षकों तो कुछ और ही करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दूसरी ओर भोजपुर स्कूल में शिक्षक बच्चों को अध्यापन कार्य करवाने जगह पर कक्षा के अंदर ही खर्राटे लेते हुए नजर आए इनकी इस हरकत का ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया । इसके बाद बुधवार को वीआरसी




ओमप्रकाश रघुवंशी ने भोजपुरी स्कूल पहुंच पालकों और बच्चों के कथन लिए जांच प्रतिवेदन बनाया उन्होंने बताया साल में मानसिंह नगर पदस्थ है इनका स्कूल में सोने का वीडियो वायरल हुआ था उसकी जांच की गई है। अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन डीपीसी को भेज दिया है। वही वायरल वीडियो 9 दिसंबर का है, अब उसको वायरल किया गया है। कई दिनों से जिओ टेक की कट निकालने के लिए इस तरह के काम हो रहे हैं। वही इस कदम का कई शिक्षक विरोध भी कर रहा है अंदर ही अंदर। दूसरी ओर जो शिक्षक ईमानदारी से अपना कार्य करते आ रहे हैं वहां कलेक्टर के कदम की तारीफ भी कर रहे हैं, इनको तो मक्कारी करने वाले शिक्षकों की नहीं आने की समस्या से छुटकारा मिल गया अब नियमित स्कूल पहुंच रहे हैं नहीं तो इससे पहले कई राजनीतिक लोगों से जुड़े शिक्षक स्कूलों में जाते ही नहीं थे शहर में बैठकर अपनी उपस्थिति डलवाकर तनख्वाह ले रहे थे। अब इनकी नेतागिरी को भी नहीं चल पा रही है जो नहीं जाएगा उसको उस दिन का वेतन नहीं मिलेगा।

### इनका कहना है

"सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल वायरल होने के बाद जांच करके रिपोर्ट बनाकर अग्रिम कार्रवाई के लिए डी पी सी को भेज दीं है।"

-ओमप्रकाश रघुवंशी बीआरसी सिरोंज

## अतिक्रमण में उजाला इमलानी रोड का काम

# तहसीलदार ने चार लोगों को दिए नोटिस मांगे दस्तावेज, वाहन चालक परेशान

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

सीमांकन के बाद पक्के अतिक्रमण आने के चलते इमलानी मोड का निर्माण कार्य रुका हुआ है दस्तावेज देखने और जांच के बाद ही कहानी बंद होगी तभी निर्माण कार्य प्रारंभ होगा उसमें कई दिनों का समय लग जाएगा अवैध अतिक्रमण सिद्ध होने पर उसको तोड़ने की कार्रवाई होगी बड़ी बिल्डिंग भी सरकारी जगह में बताई जा रही है। इस वजह से उसको तोड़ने में कई दिन लगाएंगे दस्तावेज सही पाए गए तो काम जल्दी शुरू हो जाएगा कुछ दिनों में इसकी तस्वीर भी साफ हो जाएगी। अभी अतिक्रमण के संबंध में तहसीलदार संजय चौरसिया के द्वारा चार लोगों को नोटिस जारी करके दस्तावेज मांगे हैं। जिनके अतिक्रमण है उनके द्वारा दस्तावेज दिए जाएंगे इसके बाद सिद्ध होगा कि अवैध अतिक्रमण है कि या फिर इन लोगों को पट्टे दिए गए हैं तरह की चर्चा भी हो रही है।पर किसी भी व्यक्ति के द्वारा पट्टे के संबंध में कोई दस्तावेज उपलब्ध कराए गए हैं कई बार प्रदेश टुडे ने भी इनका पक्ष रखने के लिए इन लोगों से इसके बारे में जानकारी मांगी पर किसी ने भी नहीं दिए।

### अतिक्रमण का मामला सामने आने से काम बंद



सड़क का निर्माण कार्य बंद होने से वाहन चालकों की जरूर मुश्किलें बड़ी हुई है इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का आना जाना होता होता है ।इसके अलावा दो दर्जन से ग्रामीणों को प्रतिदिन इसी रास्ते से सफर तय करना पड़ता है उनकी जरूर मुश्किल है बस्ती में जाने वाले स्कूली बच्चों को भी अधूरी निर्माण के कारण परेशानी हो रही है। इमलानी और गुरोद को जोड़ने वाले मार्ग का निर्माण कई सालों के इंतजार के बाद हो पा रहा है । दूसरी ओर नगर की मुख्य सड़क के मोड पर दोनों तरफ सीमांकन के बाद अतिक्रमण होना पाया गया है। इसके चलते यहां का निर्माण कार्य एसडीएम के निर्देश बंद है। अतिक्रमण की कार्रवाई के बाद ही शुरू होगा इसके चलते आने जाने वाले वाहन चालकों को मार्ग बंद होने से परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

### ठेकेदार की लापरवाही से लोग हो रहे हैं परेशान

निर्माण प्रारंभ करने से पहले सड़क ठेकेदार स्थानीय अधिकार से चर्चा करके सीमांकन करवाना था उसके बाद ही काम शुरू करना था पर ऐसा ना करते हुए ठेकेदार ने अपने हिसाब से काम प्रारंभ कर दिए इनकी लापरवाही की सजा सभी को भुगतनी पढ़ रही है दूसरी ओर अतिक्रमण की सूचना मिलने के बाद एसडीएम में काम रुकवा दिया है। अभी रास्ता खुद हुआ पड़ा इस वजह से राहगीर भी नहीं निकल पा रहे हैं। इसके साथ मोहल्ले के बच्चों को परेशानी हो रही है खुदाई नहीं होने से पहले रास्ता चालू था उसे स्थिति में होता तो यह समस्या नहीं होती अब सभी को परेशानियां का सामना करना पड़ा है। वही मोड पर दोनों तरफ अतिक्रमण होने की शिकायत एसडीएम हर्षल चौधरी से की गई थी इसके बाद एसडीएम ने चार पटवारी का दल बनाकर सीमांकन करवाया अतिक्रमण प्रथम दृष्टि में पाया गया है।

### इनका कहना है

"सीमांकन के बाद कुछ लोगों का अतिक्रमण होना प्रतीत हो रहा है इसलिए नोटिस जारी करके दस्तावेज मांगे हैं।"

-संजय चौरसिया तहसीलदार

## मुख्य बाजार गड्डो में तब्दील, पैदल चलना मुशकिल बाजार की सुंदरता में बाधा बन रहे है गड्डे




सिरोंज का मुख्य बाजार काफी प्रचीन एवं एतेहासिक है लेकिन इस बाजार में इन दिनों कई तरह की समस्याओं की भरमार है नगर के मुख्य बाजार में कई तरह की दुकाने मौजूद है । नगर के साथ ही ग्रामीण अंचलों से बडी दाताद लोग प्रति दिन इस बाजार में आते जाते है नगर के मुख्य बाजार की सडक में इन दिनों बडी तादात में गड्डे होने से लोगो को काफी परेषानियों का सामना करना पडता है । इस सडक पर से गुजने वाले रहगीरों के साथ वाहन चालक को सडक के गड्डो के कारण काफी परेषानी होती है । वही देखा जाए कि जामा मस्जिद के पास से लेकर कोर्ट गेट तक काफी बडे बडे गड्डे हो गये है । दो पाहिया वाहन पर सवार लोगो को गड्डो में से गुजने से झटके लगते है जिस कारण वाहन चालको को परेषानियों का सामना करना पडता है । वही कई बार वाहनों के दुर्घटना ग्रस्त होने की आषंका बनी रहती है । वही गड्डो से निजात दिलाने क लिए नपा ने वेंचवर्क भी कराया था लेकिन कुछ दिनो बाद स्थिति जस की तस हो गई । वही गड्डो में से दिन भर धूल उडती रहती है जिस कारण दुकानदार व रहगीर भी काफी परेषान रहते है । गौरतलब हो कि नगर पालिका विकास के वादे कर रही है लेकिन हकीकत में तों कुछ और ही नजारा दिखाई दे रहा है । देखा जाए कि गड्डो में से निकलने वाली नुकाली गिट्टी से भी लोग काफी परेषान है आऐं दिन दो पाहिया मोटर सायकिल चालको की गाडियों को भी नुकसान हो रहा है । देखा जाए कि नगर पालिका परिषद सिरोंज डमरीकरण की योजना बना रही है लेकिन योजना बनते बनते ही 3 माह हो चुके है लेकिन योजना पर अमल नही हो पा रहा है।

## अपराधों पर अंकुश के लिए होंगे कारगर

# विकसित शहर में सीसीटीवी कैमरे की आवश्यकता

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**



आधुनिक षहर के रूप में नगर विकसित हो रहा है ,यहां की जनसंख्या बढने के साथ ही भोगोलिक रूप से फैलने के साथ नगर का क्षेत्रफल और सीमाएं भी बढती जा रही है चारो तरफ से नगर के फैलाव होने के साथ ही नगर मे घटनाएं दुर्घटनाऐं भी लगातार बढती जा रही है । घटना घटित होने के बाद पुलिस और प्रषासन अपना काम अपना काम नियम अनुसार करते है लेकिन सीमित संसाधन और पर्याप्त स्टॉफ के अभाव में कार्यवाही का रिजल्ट आना चाहिए वह समय अनुसार नही आ पाता है ।

जिस तरह से नगर विकसित हो रहा है और पल भर में जो घटनाऐं घटित हो जाती है उनकी तफ्तीष और जांच के लिए पुलिस प्रषासन को मौके कि जांच करना पडती है । घटनाओ पर लगाम लगाने तथा षातिर बदमाषो की निगरानी के लिए सीसीटीवी केमरे सबसे आधुनिक और कारगार उपाय है । नगर के प्रमुख चौराहे चारो और से होने वाले नगर प्रवेष द्धार सहित आंतरिक मार्गो व प्रमुख सार्वजानिक स्थानो पर सीसीटीवी कैमरे यदि लगा दिये जाते है तों इससे षातिर लोग किसी भी घटना को अंजाम देने से पहले कई बार सोचेगे । जिससे नगर की सुरक्षा मजबूत होने के साथ अपराधो पर भी अंकुष लगेगा । इसलिए नगर के जनप्रतिनिधी व्यापारी संगठन पत्रकार संघ सहित आमजन लगातार नगर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग कर रहे हैं।

### किसी काम के नहीं घटिया कैमरे

वैसे तो नगर में सभी बैंको पुलिस थाना व तहसील कार्यलय मे सीसीटीवी केमरे लगे जरूर लगे हुए है लेकिन केमरे व मॉनिटर की गुणवत्ता कमजोर होने के चलते इनका सही उपयोग नही हो पा रहा है कई बार बैंको के बाहर व अंदर से रूपये वाहन आदि गायब होने की घटनाऐं हो चुकी है । जब पीडित द्धारा इन सीसीटीवी केमरे को खंगाला जाता है तो घटिया केमरे लगे होने की वजह से उनका फायदा नही मिल पाया है ।

### कई बार कर चुके है सीसीटीवी कैमरों की मांग

जहां एक और आये दिन की घटनाऐ घटित हो रही है नगर मे चोरी की घटनाऐ आम हो चुकी है जिससे नगरवासी कई बार प्रषासन से सीसीटीवी केमरे लगवाने की मांग कर चुके है मगर बैठक तक बात सीमित रहती है मगर उसके बाद आज तक इस और कोई ध्यान नही दिया गया हे ।

### अगर शहर के प्रमुख चौराहो पर लग जाते है कैमरे तो आपराधिक घटनाओं पर लगेगा विराम

अगर नगर में प्रमुख चोराहो पर सीसीटीवी केमरे लग जाते है तों घटना आदि पर काफी हद तक विराम लग सकता है । नगर में छत्री चोराहा नवीन बसस्टेंड मंडी बायपास लटेरी नाका आदि स्थानो पर उच्च क्वालिटी के केमरे लग जाते है तो काफी हद तक घटनाओ पर विराम लग सकता है ।

# छात्रों के मान से शिक्षकों की पदस्थापना हो : रघुवंशी

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक नटेरन के जनपद पंचायत के सभागार में सम्पन्न हुई है। नवाचार के तहत जिले की सभी जनपदो में अब जिला पंचायत की सामान्य बैठक आयोजित की जा रही है जिसकी शुरूआत आज नटेरन से हुई है।

सामान्य बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी ने कहा कि समय पर सभी शासकीय सेवाओं की प्राप्ति संबंधितो को इसी मूलधारणा पर सभी अधिकारी कर्मचारी कार्य कर विदिशा जिले को प्रगतिशील जिलो की सूची में अव्वल रखें। उन्होंने कहा कि अनेक बार भ्रमण के दौरान देखने में पाया गया कि स्कूलो में बच्चो की संख्या मान से अधिक शिक्षक पदस्थ है खासकर शहर अथवा समीपवर्ती क्षेत्रो में। इस प्रकार की पदस्थापनाएं परलिक्षित हो रही है उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रो में भी गुरूजनों की पदस्थापना हो ताकि वहां के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में पिछड ना पाए।



पूर्व में लिए गए निर्णयों के पालन प्रतिवेदन से बैठक की शुरूआत हुई निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं पर विभागीय अधिकारियों के द्वारा अद्यतन जानकारियां प्रस्तुत की गई।

बैठक में आयुष विभाग, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा, मत्स्य, जल निगम के कार्यो की समीक्षा की गई वहीं सडको के निर्माण कार्यो को संपादित कराने वाले विभागो के कार्यो का भी जायजा लिया गया है। बैठक में सम्माननीय सदस्यगणो के अलावा विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

# खनिज विभाग ने अवैध परिवहन करते दो ट्रक जप्त किए

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशन में विदिशा जिले में अवैध खनिज के परिवहन की रोकथाम हेतु कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में जिला खनिज अधिकारी मेहताब सिंह रावत के नेतृत्व में कुरवाई क्षेत्र में खनिज विभाग के अमले द्वारा आकस्मिक भ्रमण के दौरान दो ट्रक मय खनिज के जप्त करने की कार्यवाही की गई है। सहायक खनिज अधिकारी पंकज कुमार वानखेड़े, खनिज निरीक्षक राजीव



कदम द्वारा मय अमले नगर सैनिक धर्मेंद्र राजपूत, परसराम कुशवाहा, ऋतुराज राजपूत के साथ गत रात्रि में कुरवाई तहसील क्षेत्र में आकस्मिक भ्रमण के दौरान अशोक नगर रोड मेहलुआ एवं कुरवाई रोड भौंरासा जोड़ पास पर वाहन जांच के दौरान ट्रक क्र. एमपी 09 एचजे 7725 द्वारा खनिज कोयला एवं यूपी 92 टी 7318 द्वारा फर्शी पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया जिसे जब्त कर कुरवाई प्रांगण में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।

जिला खनिज अधिकारी मेहताब सिंह रावत ने बताया कि अवैध खनन, परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज ( अवैध खनन ,परिवहन तथा भंडारण का निवारण ) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रकरण कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। अवैध खनन परिवहन के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

विदिशा तहसील के ढोलखेडी चौराहे पर विभागीय अधिकारियों द्वारा आकस्मिक जांच के दौरान बिना नम्बर के टेऊक्टर सिल्वर कलर, टेऊक्टर आयशर 380 ट्राली द्वारा गौण खनिज रेत बजरी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर उन्हें जप्त कर पुलिस चौकी ढोलखेडी प्रांगण में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।

## कड़ाके की सर्दी ने सबकी बढ़ाई परेशानी, घरों से निकलना हुआ मुश्किल

**सिरोंज।** पिछले कुछ दिनों से कप-कप देने वाली सर्दी का सितम जारी है। इस समय पूरे दिन सर्दी का एहसास होता है ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों का सहारा ले रहा है पर ठंड के आगे वहां भी नाकाफी साबित हो रहे हैं। सुबह-शाम तो बर्फ जमा देने वाली ठंड पड़ रही है दो पहिया वाहनों से घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। ठंड से बचने के लिए लोग आग को सहारा बना रहे हैं। इसके चलते इन दिनों नगर में जगह-जगह लोग आग जलाकर हाथ सकते हो नजर आ रहे हैं इसके साथ ही सरकारी



कार्यालय में भी लोग ठंड से बचने के लिए कर्मचारी भी इसी का सहारा ले रहे हैं और कोई उपाय काम भी नहीं कर रहा है । ठंड तेज होने से गर्म कपड़ों की मांग में भी वृद्धि हो गई है। इसके अलावा अच्छी सर्दी पढ़ने से फसलों में भी रौनक देखने को मिल रही है। किसानों का कहना है कि अभी जितनी अच्छी ठंड पड़ेगी उतनी अच्छी फसल होगी आने वाले दोनों में ठंड और बढ़ेगी इसकी संभावना भी जताई जा रही है। बुजुर्गों को घरों में रहने की सलाह डॉक्टरों के द्वारा दी जा रही है।

**मेट्रो एंकर** कलेक्टर ने माध्यमिक शाला खरी और प्राथमिक शाला हिरनई, बरमदी में पहुंचकर लिया जायजा लिया

# दायित्वों का निर्वहन समयावधि में करने वाले शिक्षकों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा सुशासन की पहल के तहत जिले के सभी शासकीय विद्यालयो में शिक्षको की उपस्थिति व अध्यापन कार्य समय पर हो इसके लिए किए जा रहे नवाचारो का कलेक्टर रौशन कुमार सिंह स्वंय मानिटरिंग कर रहे है उक्त नवीन प्रक्रिया का चहूंओर स्वागत व प्रशंसायुक्त संदेश जनप्रतिनिधियों की बैठको व सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो पर अभिव्यक्त किए जा रहे है। कलेक्टर श्री सिंह ने बुधवार को ग्यारसपुर, बासौदा विकासखण्ड क्षेत्र की शैक्षणिक संस्थाओं में पहुंचकर क्रियान्वित कार्यो और उपस्थिति का जायजा लिया है।







कलेक्टर श्री सिंह ने माध्यमिक शाला खरी और प्राथमिक शाला हिरनई, बरमढी में पहुंचकर जायजा लिया है उन्होंने समय पर उपस्थित होकर सुशासन की पहल को मजबूती देते हुए सौपे गए दायित्वों का निर्वहन समयावधि में करने वाले शिक्षको को सम्मानित किया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए उनका हौसला अफजाई किया जिसमें मुख्य रूप से प्रश्न पत्र के दिशा निर्देशो का बारीकी से अध्ययन कर जो जानकारी चाही जा रही है उन ही प्रश्नो का उत्तर दें सबसे पहले सरल प्रश्नो का उत्तर दे जरूरी नहीं है कि वे क्रमानुसार आए का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया। कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चो से कहा कि कोर्स पूरा करने के बाद रिवीजन जरूर करें खासकर पिछले चार पांच सालो के पेपरो को हल करें जिससे बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने के प्रति आत्म विश्वास में बढोतरी होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के भय से घबराए नहीं हर बच्चे में योग्यताएं होती है बशर्ते हम आपनी योग्यताओं को पहचाने। निरीक्षण भ्रमण के दौरान डीपीसी श्री आरपी लखेरा के अलावा अन्य अधिकारी व शैक्षणिक संस्थाओं के गुरूजन साथ मौजूद रहें।

# अश्विन के रिटायरमेंट में कुंबले की झलक



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

टीम इंडिया के दिग्गज फिरकी रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर सभी को चौंका दिया है।उन्होंने बारिश बाधित गाबा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की जानकारी दी। इसके साथ वह आज यानी 19 दिसंबर को ही स्वदेश लौट जाएंगे।सही मायने में मैदान एडिलेड के मैदान वाला पिंक बॉल टेस्ट उनका आखिरी मुकाबला साबित हुआ।दरअसल बतौर गेंदबाज पिछले 13 सालों से अश्विन वह खिलाड़ी रहे जिसे टेस्ट में टीम इंडिया की रीढ़ कहें तो गलत नहीं होगा। जहां एक ओर अश्विन ने अपनी फिरकी के दम पर कई हारी हुई बाजियां पलट दीं,वहीं उनके बल्ले ने भी कई मैच बचाऊ और मैच जिताऊ पारियों को अंजाम दिया।खासतौर से पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सिडनी के मैदान पर उनकी 40 ओवर तक किला लड़ाने वाली पारी ओर इसी साल सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू मैदान पर दिग्गजों के ढेर होने के बाद शतकीय पारी ने सीरीज के आगाज का रुख बदल कर उनकी बल्लेबाजी काबलियत का लोहा सभी ने माना।वैसे तो ऐसा माना जा रहा था कि टीम इंडिया के कई दिग्गजों का ऑस्ट्रेलिया दौरा आखिरी विदेशी दौरा साबित हो सकता है,लेकिन अगर टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने में कामयाब हो जाती है तो फिर लॉर्ड्स का मैदान इस तरह की घोषणाओं के टाले जाने की उम्मीद थी।दिग्गज बल्लेबाजों की लगातार असफलता की बीच अचानक सीरीज के बीच में अश्विन के रिटायरमेंट की बात सुनकर हलचल मची हुई है।सही मायने में उनका स्थान भरना चयनकर्ताओं और टीम मैनेजमेंट के लिए हाल फिलहाल में बड़ी चुनौती होगी।सभी के जहन में भले ही यह सवाल कोंध रहा है कि अश्विन ने आखिर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बीच रिटायरमेंट क्यों ले लिया,लेकिन मेरे नजरिये में दक्षिण भारत से आने वाले कई दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ियों ने पहले भी इसी तरह के फैसले लिए हैं।दरअसल जिस अंदाज में रविचंद्रन अश्विन ने अपने रिटायरमेंट की घोषणा की है ,ठीक इसी तरह का फैसला टीम इंडिया के सबसे सफल गेंदबाज अनिल कुंबले ने भी सीरीज के बीचोंबीच लेकर उस दौर में सनसनी फैला दी थी। अनिल कुंबले का वह फैसला अश्विन की तुलना में इस वजह से अधिक सनसनीखेज कहा जा सकता है,क्योंकि 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उस सीरीज में अनिल कुंबले ही टीम इंडिया के कप्तान थे।चार टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त के बाद नई दिल्ली के कोटला मैदान पर ड्रा रहे तीसरे टेस्ट मैच के आखिरी दिन अनिल कुंबले ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कर



क्रिकेट जगत को स्तब्ध कर दिया था।बतौर गेंदबाज 3 विकेट हासिल करने के बाद टीम इंडिया के कप्तान के इस फैसले ने उस वक्त भी खलबली मचा दी थी।गौरतलब है कि उसके बाद टीम इंडिया की कमान उपकप्तान महेंद्र सिंह धोनी को आखिरी टेस्ट में कप्तान की जिम्मेदारी निभाना पड़ी थी।मतलब एकदम साफ है कि मेरे नजरिये में तो अश्विन के रिटायरमेंट की घोषणा में कुंबले के फिरकी अंदाज की ही झलक नजर आ रही है।अब देखना यह दिलचस्प रहेगा कि इस दिग्गज ऑफ स्पिनर की जगह कौनसा युवा गेंदबाज मैदान में अपनी जगह बनाता है। भले ही टी20 ओर वनडे मैचों में वाशिंगटन सुंदर उनका सटीक विकल्प बन सकते हैं,लेकिन घरेलू मैदान के टेस्ट मैचों के लिए विनर गेंदबाज की तलाश करना भारतीय चयनकर्ताओं का सबसे बड़ा मिशन रहने वाला है। रविचंद्रन अश्विन के बीच दौरे में रिटायरमेंट की घोषणा के बाद एक बात तो तय है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के दम पर अगर टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने में नाकामयाब होती है तो फिर दिग्गजों के रिटायरमेंट के सिलसिले में कुछ और नाम जुड़ सकते हैं।सही मायने में रिटायरमेंट की इस रेस में अश्विन ने बाजी मार कर अपना कद कुंबले के जैसे ही हमेशा के लिए बढ़ा लिया है।

### इंग्लैंड ने कैलेंडर रिलीज किया

# लॉर्ड्स में पहली बार होगा विमेंस टेस्ट

## 2026 में भारत-इंग्लैंड के बीच मुकाबला

**नईदिल्ली, एजेंसी**

लंदन का लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम इतिहास में पहली बार विमेंस टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। इंग्लैंड ने अपने 2026 तक का कैलेंडर रिलीज किया, इसमें बताया कि भारत और इंग्लैंड के बीच एकमात्र विमेंस टेस्ट खेला जाएगा। जो इस ऐतिहासिक मैदान पर पहला ही विमेंस टेस्ट होगा। इंग्लैंड 2025 में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी एक टेस्ट खेलेगा, जो दोनों टीमों के बीच 22 साल में पहला ही टेस्ट होगा। जिम्बाब्वे के बाद इंग्लिश टीम 5 टेस्ट के लिए भारत की मेजबानी करेगी। इसके बाद इंग्लैंड सीधे ऑस्ट्रेलिया में ऐशेज सीरीज खेलने जाएगी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने बताया, 2026 में भारत-इंग्लैंड के बीच विमेंस टेस्ट स्पेशल मोमेंट पर होगा। 1976 में दिग्गज रेशल हेहो फ्लिंट की कप्तानी में आखिरी बार इंग्लैंड विमेंस टीम ने लंदन में टेस्ट खेला था। इस खास मौके के 50 साल पूरे होने पर लंदन के ही लॉर्ड्स स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच होगा।



### इंग्लैंड की किसी प्लेयर ने लॉर्ड्स में टेस्ट नहीं खेला

स्पष्ट क्रिकेट कमेटी की चेयरपर्सन और इंग्लैंड की पूर्व खिलाड़ी क्लेयर टेलर ने कहा, मैंने अपने करियर में 15 टेस्ट खेले, लेकिन लॉर्ड्स में एक भी नहीं खेल सकी। इसलिए मैच की खबर सुनकर मैं बहुत खुश हूं। खासकर उन प्लेयर्स के लिए भी मुझे खुशी हो रही है, जो 2026 में यह मैच खेलेंगी। इंग्लैंड में अब क्रिकेट खेलने वालीं युवा लड़कियां होम ऑफ क्रिकेट लॉर्ड्स पर टेस्ट मैच खेलने के सपने भी देख सकती हैं। इससे यह भी साबित होगा कि क्रिकेट सभी का खेल है।

### 2024 और 2025 में कोई विमेंस टेस्ट नहीं खेलेगा इंग्लैंड

इंग्लैंड विमेंस क्रिकेट टीम इस साल कोई टेस्ट नहीं खेलेगी, उन्हें अगले साल भी कोई टेस्ट नहीं खेलना है। टीम सीधे 2026 में भारत के खिलाफ ही टेस्ट खेलेगी। इससे पहले टीम ने 2023 में भारत के खिलाफ ही भारत में आखिरी टेस्ट खेला था। इसमें भारत को जीत मिली थी। वेस्टइंडीज की मेंस और विमेंस टीम अगले साल इंग्लैंड में 3 वनडे और 3 टी-20 की सीरीज खेलने के लिए आएगी। इंग्लैंड की मेंस टीम अगले साल साउथ अफ्रीका की मेजबानी भी करेगी। फिर टीम सितंबर में ही आयरलैंड दौरे पर जाएगी।

### जिम्बाब्वे क्रिकेट को बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के सीईओ रिचर्ड गुल्ड ने कहा, जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट खेलना ऐतिहासिक पल रहेगा। दोनों देशों ने 20 साल से कोई टेस्ट नहीं खेला। विकसित देशों में टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देना हमारी ही जिम्मेदारी है।

### जिम्बाब्वे के बाद भारत से टेस्ट

जिम्बाब्वे के खिलाफ इंग्लैंड टीम का एकमात्र टेस्ट अगले साल 22 मई से शुरू होगा। इसके बाद टीम भारत के खिलाफ 5 टेस्ट खेलेगी। पहला मुकाबला 20 जून को शुरू होगा, जबकि आखिरी टेस्ट 31 जुलाई से 4 अगस्त तक खेला जाएगा।

### फुटबॉल स्पेनिश ला लीगा

# एथलेटिक बिलबाओ ने गिरोना को 3-2 से हरा दिया

### एलेजांद्रो ने दागे दो गोल, गिरोना के लिए विक्टर ने किया गोल

**मैड्रिड, एजेंसी**

एथलेटिक बिलबाओ ने सैन मैम्स स्टेडियम में 3-2 की रोमांचक घरेलू जीत के साथ गिरोना की ला लीगा खिताब की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया. लगातार सातवीं घरेलू जीत से एथलेटिक बिलबाओ के पास शीर्ष चार में जगह बनाने का मौका है।

एथलेटिक बिलबाओ ने सैन मैम्स स्टेडियम में 3-2 की रोमांचक घरेलू जीत के साथ गिरोना की ला लीगा खिताब की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया. लगातार सातवीं घरेलू जीत से एथलेटिक बिलबाओ के पास शीर्ष चार में जगह बनाने का मौका है. गिरोना अब शीर्ष पर चल रहे रियल मैड्रिड से छह अंक पीछे है जबकि, एथलेटिक बिलबाओ पांचवे स्थान पर एटलेटिको मैड्रिड से दो अंक पीछे है. घरेलू टीम के लिए एलेक्स ने दो गोल और इनाकी विलियम्स ने एक गोल किया, जबकि विक्टर त्सिहानकोव और एरिक गार्सिया ने मेहमान टीम के लिए गोल किया. मैच में शुरुआत से ही एथलेटिक बिलबाओ ने अपना दबदबा बनाया क्योंकि एलेक्स ने मैच के दूसरे मिनट में ही अपनी टीम को बढ़त दिलाई. इसके बाद दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर हुई और आखिरकार 49वें मिनट में विक्टर के गोल की मदद से गिरोना ने 1-1 से बराबरी की. लेकिन इसके कुछ देर बाद ही एलेक्स ने 56वें मिनट में अपना और टीम का दूसरा गोल दागा. फिर, विलियम्स ने बिलबाओ की बढ़त को और बढ़ाते हुए मैच के 60वे मिनट में तीसरा गोल दागा। इसके बाद गार्सिया ने 75वें मिनट में गिरोना के लिए गोल किया. हालांकि, इसके बाद मैच के अंतिम क्षणों में दोनों टीमें गोल करने में सफल नहीं हुई और एथलेटिक बिलबाओ ने 3-2 से यह मुकाबला अपने नाम किया।






## मेट्रो बाजार

# हिंडाल्को सब्सिडियरी लाएगी आईपीओ, कंपनी के शेयर में आया उछाल



**मुंबई, एजेंसी**

हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने नोवेलिस इंक को खरीदने के लिए भारी भरकम निवेश किया था. आईपीओ की जानकारी सामने आने के बाद निवेशकों में हिंडाल्को के शेयर को लेकर उत्साह देखा जा रहा है. आदित्य बिरला ग्रुप के हिंडाल्को इंडस्ट्रीज की अमेरिकी सब्सिडियरी नोवेलिस इंक ने आईपीओ लाने के लिए आवेदन दिया है. कंपनी ने आईपीओ दस्तावेज अमेरिका के सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन को सौंप दिए हैं. आईपीओ लाने के बाद नोवेलिस उन चंद भारतीय कंपनियों की लिस्ट में शामिल हो जाएगी, जिनकी सब्सिडियरी विदेशी मार्केट्स पर लिस्टेड हैं। अटलांटा स्थित नोवेलिस इंक ने आईपीओ पेपर जमा करने की जानकारी दी. आईपीओ के लिए नोवेलिस के शेयरहोल्डर्स कॉमन शेयर जारी करेंगे. इनकी बिक्री से कंपनी को कुछ भी नहीं मिलेगा. कंपनी ने फिलहाल यह नहीं बताया कि कितनी हिस्सेदारी आईपीओ के जरिए मार्केट में उपलब्ध कराई जाएगी. एसईसी द्वारा पेपर्स का रिव्यु कर लेने के बाद मार्केट की स्थिति और अन्य चीजों पर गौर करने के बाद आईपीओ पर अंतिम फैसला लिया जाएगा. नोवेलिस इंक ने इस फैसले की जानकारी भारतीय स्टॉक मार्केट बंद होने के बाद दी थी. बुधवार सुबह बाजार खुलने के बाद हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर हरे निशान के साथ खुले. कंपनी के शेयर ऊपर चढ़कर 523.15 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे. मंगलवार शाम को कंपनी के शेयर 511 रुपये पर बंद हुए थे. हिंडाल्को इंडस्ट्रीज की कुल मार्केट वैल्यू 1.15 ट्रिलियन रुपये से ज्यादा हो गई है. हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने नोवेलिस इंक को साल 2007 में 6 अरब डॉलर में खरीदा था.

### एयरटेल ने लॉन्च किया स्पैम कॉल और एसएमएस से निपटने के लिए एआई-ड्रिवेन सॉल्यूशन

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारती एयरटेल ने स्पैम की बढ़ती समस्या को दूर करने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए भारत का पहला एआई-ड्रिवेन, नेटवर्क-बेस्ड स्पैम डिटेक्शन सॉल्यूशन पेश किया है. इसे एयरटेल के सभी यूजर्स के लिए ऑटोमैटेकली एक्टिवेट कर दिया जाएगा. यह सॉल्यूशन बिना किसी ऐप को डाउनलोड किए या सर्विस रिक्वेस्ट के रियल टाइम में स्पैम कॉल और एसएमएस के बारे में ग्राहकों को अलर्ट कर टेलीकॉम इनोवेशन का एक नया मानक स्थापित करता है. स्पैम कॉल और मैसेज भारत में एक पुरानी समस्या रही है, जिससे रोजाना लाखों मोबाइल यूजर प्रभावित होते हैं. इंडस्ट्री डेटा के अनुसार, स्पैम कॉल और एसएमएस से प्रभावित होने के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में से एक है।

### टाटा के एक लाख करोड़ के मेगा सेमीकंडक्टर प्लांट से जुड़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

टाटा ग्रुप के धोलेरा में बन रहे सेमीकंडक्टर प्लांट को अब ताइवान की दिग्गज कंपनी पीएसएमसी का सपोर्ट हासिल हो गया है. टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के इस प्लांट को PSMC डिजाइन और कंस्ट्रक्शन सपोर्ट उपलब्ध कराएगी. दोनों कंपनियों के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर देश में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को लेकर चर्चा की. पीएम मोदी ने इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि टाटा संस और पीएसएमसी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात के दौरान भारत में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के बारे में वार्ता हुई. पीएसएमसी भारत को लेकर उत्साहित है और यहां अपना कारोबार बढ़ाना चाहती है. टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के कहा कि पीएसएमसी की टेक्नोलॉजी और विशेषज्ञता से टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स को सेमीकंडक्टर बनाने में बहुत आसानी हो जाएगी. गुजरात का धोलेरा प्लांट भारत का पहला एआई सपोर्ट से चलने वाला होगा.

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**



# गोविंदा एक बहुत बड़े स्टार हैं, मैं उनकी बेटी नहीं हूं...

### *रागिनी खन्ना बोलीं...*


रागिनी खन्ना 90 के दशक के सुपर स्टार गोविंदा की भांजी हैं। हालांकि रागिनी ने एक्टिंग में अपनी जगह जरूर बनाई है, लेकिन कई लोगों को ऐसा भी लगता है कि उन्हें गोविंदा की वजह से प्रोजेक्ट्स मिले हैं। हाल ही में रागिनी ने इस बात पर चुप्पी तोड़ी। गोविंदा के नक्शेकदम पर चलकर उनकी भांजी इस इंडस्ट्री का हिस्सा तो बन गईं, लेकिन बड़ा मुकाम नहीं हासिल कर पाईं। सिद्धार्थ कानन को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि गोविंदा के स्टारडम से उन्हें कोई फायदा नहीं मिला। रागिनी ने कहा- वो बहुत बड़े स्टार हैं। सबसे पहले तो मैं उनकी बेटी नहीं हूं।

### मामा गोविंदा से अच्छा बॉन्ड शेयर करती हैं रागिनी

रागिनी ने कहा कि वो गोविंदा के परिवार और चचेरे भाई अभिषेक कृष्णा और आरती सिंह के साथ भी अच्छा बॉन्ड शेयर करती हैं। उन्होंने बताया कि फेस्टिवल के मौकों पर वे उनसे मिलती हैं। उन्होंने कहा- हम बाहर रेस्टोरेंट नहीं जाते। दरअसल ऐसा पहली बार कोविड के वक्त हुआ था जब मैं चीची मामा (गोविंदा) से चार साल तक नहीं मिल पाई थी। नहीं तो, मैं अक्सर उनके घर जाती हूं। सुनीता मामी (गोविंदा की वाइफ) के साथ हर फंक्शन, हर दिवाली, जन्मदिन पर हम बातें करते हैं।

रागिनी ने झगड़े को लेकर बात की: रागिनी ने गोविंदा और कृष्णा के झगड़े के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा- मैं किसी के झगड़े में नहीं पड़ती हूं। मैं कोई नहीं होती किसी के बारे में कुछ कमेंट करने वाली। पर हां मैंने दोनों से इतना जरूर कहा था कि घर की बात मीडिया में नहीं आनी चाहिए। रागिनी खन्ना ने टीवी सीरीयल 'ससुराल गेंदा फूल' से पॉपुलैरिटी हासिल की थी। इसके बाद वे कई रियलिटी शोज में भी नजर आईं। वे 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' के कुछ एपिसोड में भी दिखाई दी थीं।

# अर्जुन बोले- रोहित ने मुझमें विलन की क्षमता देखी, आदित्य ने मेरे अंदर देखी थी हीरो बनने की आग



रोहित शेट्टी की अपकमिंग फिल्म 'सिंघम' में अर्जुन कपूर पहली बार अपने नेगेटिव किरदार में नजर आए थे। अर्जुन ने अपने इस रोल को लेकर काफी कुछ कहा है। उन्होंने कहा - मैं इस बात से बेहद खुश हूं कि रोहित शेट्टी जैसे दिग्गज फिल्ममेकर ने देखा कि मुझमें उनकी 'सिंघम अगेन' में नेगेटिव भूमिका निभाने की क्षमता है। अर्जुन कपूर इन दिनों रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम' में अपने नेगेटिव रोल को लेकर काफी चर्चा में रहे। इस फिल्म में अवतार ने हर किसी का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। फिल्म के इस पोस्टर में अर्जुन कपूर काफी खूंखार दिखे हैं और अब एक्टर ने अपने रोल को लेकर काफी कुछ कहा है। अर्जुन ने कहा है कि जो डायरेक्टर को लगता है कि उनके लिए सही है, ऐसे किसी भी रोल से उन्हें कोई परहेज नहीं। उनका कहना है कि ये सिनेमा से उनका प्यार है और यही वजह है कि वो अपने किरदार के साथ प्रयोग करते रहना चाहते हैं। अर्जुन ने कहा, मैंने कभी एक्टर बनने के बारे में सोचा नहीं था, लेकिन मुझे फिल्मों से प्यार हो गया क्योंकि मैंने खूब फिल्में देखीं। हमारे देश के लोगों का मनोरंजन करने के लिए इस इंडस्ट्री में लोग समर्पित और भावुक हैं। ये देखकर खुशी हुई कि मेरे करीबी और प्रिय लोग अपने काम के माध्यम से लोगों के बीच खुशियां फैलाना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, इसलिए जब मैं एक्टिंग के बारे में जानना चाहता था तो मैं सिर्फ अभिनय करना और कैमरे का सामना करना चाहता था। मैं कभी भी इस बात पर फोकस नहीं था कि मुझे स्क्रीन पर किस रोल के लिए चुना गया है।

# रवीना बोलीं- 'वॉव' ट्रेंड वाली वीडियो डिलीट करवाना चाहती थीं



रवीना टंडन अपनी वेब सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' के चलते काफी समय से चर्चा में रहीं। हाल ही एक इंटरव्यू में रवीना ने बेटी राशा थडानी के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि राशा का मां रवीना का रील बनाना पसंद नहीं है। उन्होंने कहा- अगर इंस्टाग्राम की बात करें, तो मैं इसमें बहुत बेकार हूं और मुझे इसके बारे में कुछ भी नहीं पता है। मैं रील्स बनाते हुए वाकई बहुत गलतियां करती हूं। जब मेरी टीम मुझसे रील पोस्ट करने के लिए कहती है, तो मैं कोई मजेदार रील सिलेक्ट करती हूं, क्योंकि मुझे ऐसी ही रील्स पसंद आती हैं। रवीना ने कहा- मैं एक एक्टर हूं, लेकिन ज्यादा कुछ सोचे बिना मैं इस तरह की रील्स बनाती हूं। तब मेरी बेटी राशा मुझसे कहती हैं- मम्मा, आप ये रील्स नहीं बना सकतीं, ये अच्छी नहीं हैं। हालांकि, मुझे रील्स बहुत पसंद आती हैं। रवीना ने आगे बताया कि कुछ महीने पहले जब 'जस्ट लुकिंग लाइक आ वॉव' ट्रेंड चला था तो मैंने भी इस पर रील बनाई थी। वो रील राशा को पसंद नहीं आई और उन्होंने मुझे इंस्टाग्राम से हटाने के लिए कहा। हालांकि, तभी इस ट्रेंड पर दीपिका ने भी रील बनाई। मैंने राशा को दीपिका का रील भेजा और कहा- देखो, हर कोई इसे बना रहा है, सिर्फ इसलिए कि दीपिका ने इसे बनाया तो ये फेमस है। जब मैंने इसे बनाया था, तो यह खराब था? रवीना मे कहा- मुझे ऐसी मजेदार रील्स बनाने में बहुत मजा आता है। मैं हमेशा रील्स नहीं बनाती हूं। जब कोई रील इतनी मजेदार हो कि मैं हंसते-हंसते गिर जाऊं, तो मुझे लगता है कि मुझे ये बनाना चाहिए। रवीना को आखिरी बार वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग में देखा गया था। वहीं राशा थडानी अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन के साथ बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं।

# क्राइम ब्रांच के टीआई के घर से दिनदहाड़े लाखों की चोरी

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित छह नंबर स्टाफ पर क्राइम ब्रांच टीआई अशोक मरावी के सूने मकान को निशाना बनाकर बदमाश नगदी जेवरात मिलाकर करीब नगदी समेत लाखों रुपए के जेवरात चुराकर ले गए। हालांकि हबीबगंज पुलिस का कहना है कि टीआई मरावी ने केवल ढाई लाख रुपए का सामान चोरी होने की एफआईआर कराई है। दिनदहाड़े शासकीय आवास में चोरी होने से आसपास के लोगों में दहशत है। पुलिस के अनुसार क्राइम ब्रांच में पदस्थ टीआई अशोक मरावी छह नंबर स्टाफ के पास शासकीय आवास में रहते हैं। उनके साथ पत्नी किरण और बच्चा रहता है। किरण पीटीआरआई में पदस्थ हैं और वह ड्यूटी गई थी। अशोक मरावी भी बच्चे को स्कूल छोड़ने के बाद ड्यूटी चले गए। दोपहर करीब 1 बजे अशोक बच्चे को लेकर घर पहुंचे तो घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि अलमारी का दरवाजा खुला हुआ है और उसमें रखी नगदी समेत सोने की अंगूठी और चेन नहीं थी। घर का ताला तोड़कर घुसे बदमाशों को जद्दोजहद नहीं करनी पड़ी। दरअसल, अलमारी के लॉकर का ताला खुला हुआ था। बदमाश अंदर करीब साढ़े 12 बजे के आसपास घुसे थे और पांच मिनट के अंदर ही पूरी वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से भाग निकले। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले तो पुलिस को कुछ संदिग्ध नजर आए हैं। आरोपियों की तलाश की जा रही है।



# बालरंग महोत्सव कल : 17 राज्यों के दस हजार हजार बच्चे शामिल होंगे

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बालरंग महोत्सव-2024 का आयोजन 20 दिसंबर से राजधानी के श्यामला हिल्स स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में किया जा रहा है। समरोह का शुभारंभ परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह करेंगे।बालरंग महोत्सव में इस बार मप्र सहित 17 राज्यों व 5 केंद्र शासित प्रदेशों के करीब 10 हजार प्रतिभागी शामिल होंगे। 20 दिसंबर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में मप्र के सभी 9 संभाग शामिल होंगे। इसके अंतर्गत सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, साहित्यक प्रतियोगिताएं, संस्कृत, मदरसा, निशक्तजन, योग, निबंध लेखन, चित्रकला, केलिग्राफी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी। इसमें लगभग एक हजार प्रतिभागी शामिल होंगे।राष्ट्रीय लोक नृत्य प्रतियोगिताओं शमें इस साल 17 राज्यों सहित 5 केंद्र शासित प्रदेश भी भाग ले रहे हैं। इस दौरान लघु भारत प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी गतिविधि आधारित है, जिसमें मुख्य रूप से 19 विषयों पर प्रदर्शनी, खेलों इंडिया खेलो, जीवन कौशल आदि विषय हैं।क्रियेटिव क्राफट प्रदर्शनी में 19 स्टाल लगाए जाएंगे। विद्यार्थियों ने अपनी पाठकला को प्रदर्शित करते हुए 22 स्टाल लगाए हैं। इसमें स्वादिष्ट खान-पान के स्टॉल हैं।

# भाभा विवि में ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं आयुष मंत्रालय के एडवाइजरी बोर्ड के मेंबर डॉ अशोक कुमार वार्ष्णेय , डॉ भरत शरण सिंह व ग्रुप के चैयरमेन डॉ सुनिल कपूर कुलगुरू दिलीप कुमार डे आदि मौजूद थे। वार्ष्णेय ने छात्र जीवन में अनुशासन एवं समय अनुपालन के साथ व्यावहारिक जीवन की बारीकियों से छात्रों को अवगत कराया सभी नव प्रवेशित छात्रों का व्हाइट कोड सेरेमनी किया गया। छात्रों को विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और सुविधाओं का भ्रमण कराया गया।



# युवक ने जहरीला पदार्थ पीकर दी जान

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित गांव रतनपुर में एक युवक ने जहरीला पदार्थ पी लिया। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मचूर्री भेज दिया है। परिजन अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। गुरुवार को पीएम के दौरान परिजन के बयान दर्ज किए जाएगे। पुलिस के अनुसार जय सिंह राजपूत पिता धीरज सिंह राजपूत (29) रतनपुर, मिसरोद में रहता था और बेस्ट प्राइज में डिस्पेच में काम करता था। बुधवार दोपहर करी ढाई बजे परिजन को किसी ने बताया कि जय सिंह घर से कुछ दूरी पर बेसुध अवस्था में पड़ा है और उसके मुंह से झाग निकल रहा है। परिजन उसे उठाकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां कुछ देर बाद ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मंदिर से पीतल का नाग चोरी

**भोपाल।** जहांगीराबाद स्थित एक मंदिर से बदमाश शिवजी का पीतल का नाग चोरी कर ले गया। बदमाशों की यह करतूत मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार निर्मल शास्त्री (24) बरखेड़ा पतरा पुल हनुमान मंदिर में रहते हैं और मंदिर के पुजारी हैं। पिछले दिनों रात करीब साढ़े ग्यारह बजे वह मंदिर का ताला लगाकर खाना खाने के लिए घर गए थे। रात करीब सवा बारह बजे वापस लौटे और सो गए। सुबह करीब 6 बजे मंदिर खोलने के लिए उठे तो शिवजी ऊपर लगे पीतल का नाग नहीं था।

## टॉस्क पूरा करने के बहाने खातों में डलवाए रुपए

# नौकरी तलाश रहे युवक से साइबर जालसाजों ने की 17 लाख की ठगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बेरोजगार युवक से सायबर जालसाजों ने जॉब दिलवाने का प्रलोभन देकर 16 लाख 70 हजार रुपए ठग लिए। आरोपियों ने युवक को टेलीग्राम ग्रुप में ज्वाइन करवाया और टॉस्क पूरा करने पर बड़े मुनाफे का प्रलोभन दिया था।

शुरुआत में जालसाजों ने युवक के खाते में राशि जमा की, लेकिन युवक ने जब रुपए निकालने का प्रयास किया तो वह नहीं निकले। रुपए निकालने के लिए जालसाज उससे अलग-अलग खातों में पैसे डलवाते रहे। 16 लाख 70 हजार रुपए खातें में जमा करने पर युवक को पता चला कि उसके साथ ठगी हुई है। इसके बाद उसने शिकायत दर्ज कराई।

जानकारी के अनुसार कमला नगर में रहने वाला अरुण प्रकाश चौधरी (24) पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी की तलाश कर रहा था। कुछ महीने पहले अज्ञात मोबाइल धारकों ने उससे संपर्क किया और ऑनलाइन जॉब दिलवाने की बात कही। उसके बाद अरुण के मोबाइल पर एक टेलीग्राम लिंक भेजी गई, जिसे क्लिक करने के बाद वह टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ गया। उसके बाद डीमेट अकाउंट खोलने के लिए उसे दूसरी लिंक भेजी, जिसके बाद अरुण का अकाउंट भी खुल गया।




### बातों में उलझाकर 19 अलग-अलग खातों में पैसे जमा करवाए

दो महीने की जांच के बाद क्राइम ब्रांच ने अज्ञात मोबाइल धारक जालसाजों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। डेढ़ गुना ज्यादा लौटाते थे राशि जालसाज इतने ज्यादा शातिर हैं कि वह लोगों को फंसाने के लिए जमा की जाने वाली राशि पर डेढ़ गुना तक पैसे वापस करते हैं। एक हजार रुपए पर डेढ़ हजार, तीन हजार पर साढ़े चार हजार रुपए और पांच हजार पर साढ़े सात हजार रुपये वापस करते हैं। इस प्रकार से रुपये मिलने पर लोग उनके चंगुल में फंसते जाते हैं। यह रकम जब ज्यादा होने लगती है तो वह विड्राल नहीं होती। संपर्क करने पर कई प्रकार की बातों में उलझाकर और पैसे जमा करवाए जाते हैं। अरुण कुमार से जालसाजों ने कुल 19 अलग-अलग खातों में पैसे जमा करवाए थे। यह सभी खाते जालसाजों के ही थे।

### रुपए निकालने के बाद जमा कराए रुपए

अलग-अलग कारण बताकर जमा करवाए पैसे पैसे नहीं निकलने पर अरुण ने इसकी शिकायत कंपनी से की तो बताया गया कि आपका क्रेडिट स्कोर कम हो गया है, इसलिए आपको पैसा जमा करने पड़ेगा। जिसके बाद पूरा पैसे निकल सकेगा। इस प्रकार के अलग-अलग बहाने बनाकर उससे कई बार में विभिन्न खातों में कुल 16 लाख, 70 हजार, 50 रुपए जमा करवा लिए गए। इसके बाद भी जालसाजों ने बताया कि यह रुपये निकालने के लिए उसे 12 लाख 80 हजार रुपए और जमा करने होंगे, अन्यथा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए समन जारी किए जारी किए जाएंगे। इसके बाद अरुण को ठगी का एहसास हुआ तो उसने सायबर क्राइम ब्रांच पहुंचकर शिकायत की।

डीमेट अकाउंट में आने वाले लाभ के पैसे निकालने के लिए उसके बैंक अकाउंट को जोड़ा गया। अरुण के टॉस्क पूरा करने पर उसे अकाउंट की छोटी-छोटी रकम भेजी जानी लगी, जिसे वह एकाउंट से निकाल लेता था। कुछ समय बाद जब बड़ी राशि निकालने का प्रयास किया तो वह नहीं निकली।

# पेशाब कर रहे युवक का इलेक्ट्रिक रिक्शा चोरी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टीटी नगर स्थित टीनशेड बस स्टाप के पास एक इलेक्ट्रिक रिक्शा चोरी चला गया। घटना के समय रिक्शा चालक पास ही टायलेट करने चला गया। उसने पांच दिन पहले ही रिक्शा खरीदा था और टायलेट के लिए जाते समय चाबी लगी छोड़ गया था।

पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार विनोद विश्वकर्मा (32) साउथ टीटी नगर में रहता है और स्वयं का इलेक्ट्रिक रिक्शा चलाता है। बीती 11 दिसंबर को उसने नया इलेक्ट्रिक रिक्शा खरीदा था। 15 दिसंबर की रात करीब सवा 11 बजे वह अपना रिक्शा लेकर न्यू मार्केट से माता मंदिर की तरफ जा रहा था। टीनशेड स्थित बस स्टाप के पास उसने सड़क किनारे रिक्शा खड़ा किया और चाबी लगी छोड़कर पास ही टायलेट करने चला गया। कुछ देर बाद वापस लौटा तो उसका रिक्शा गायब हो चुका था। दो दिनों तक आसपास तलाश करने के बाद भी जब रिक्शे का कुछ पता नहीं चला तो उसने मंगलवार को थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। नई गाड़ी होने के कारण रिक्शे का रजिस्ट्रेशन नंबर भी नहीं आया था।

### हुलिए के आधार पर की जा रही तलाश

बुजुर्ग ने पुलिस को बताया कि दोनों बदमाश स्कूटर पर थे। स्कूट चलाने वाले युवक ने काले रंग की जर्किन पहनी थी, जबकि पीछे बैठे युवक ने हुडी पहन रखी थी। पुलिस घटनास्थल और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से स्कूटर सवार बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# डीसीपी के नेतृत्व में स्पर्श कार्यक्रम के तहत कंबल बांटे

**भोपाल।** प्रदेश समेत राजधानी में बढ़ती ठंड को देखते हुए पुलिस ने नई पहल शुरू की। जोन 3 के डीसीपी के नेतृत्व में गरीब और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय क्षेत्र में किया गया। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, शाहजहांनी पार्क रेन बसेरा, कमला पार्क, वीआईपी रोड, करबला, कैंसर हॉस्पिटल के आसपास रहने वाले जरूरतमंद लोगों को कंबल व जैकेट वितरण किया गया। इस दौरान करीब 200 कंबल व 200 जैकेट वितरित किए गए। इस मौके पर जोन 3 में आने वाले समस्त थाना प्रभारी समस्त थानों का बल, एडिशनल डीसीपी, एसीपी मौजूद रहे, स्पर्श कार्यक्रम के लिए जोन 3 की पूरी टीम अपना योगदान दिया डीसीपी रियाज इकबाल ने सभी का धन्यवाद किया । डीसीपी रियाज इकबाल ने बताया कि यह पहल समाज के कमजोर वर्गों को ठंड से राहत प्रदान करने के लिए की गई है। कंबल वितरण के दौरान डीसीपी ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि समाज के जरूरतमंद वर्गों की मदद करना भी है। ठंड के इस मौसम में यह हमारा छोटा सा प्रयास है, जिससे जरूरतमंद लोगों को राहत मिलेगी। डीसीपी रियाज इकबाल द्वारा सभी थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक रात्रि गश्त मे भी इस अभियान के तहत कंबल व जैकेट गरीबों मे वितरित करेंगे । और अपने-अपने थाना क्षेत्रों में गश्त के दौरान ध्यान रखेंगे कि आम लोगो को ठंड से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था रहे।

# एम्स के जूनियर डॉक्टर की बाइक चुराकर ले गए बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बागसेवनिया स्थित एम्स अस्पताल में पदस्थ एक जूनियर डॉक्टर की बाइक चोरी चली गई। कई अन्य स्थानों से भी बदमाशों ने दोपहिया वाहन चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार निशांत वरलानी (24) मूलतः अजमेर राजस्थान के रहने वाले हैं। फिलहाल वह एम्स अस्पताल में जूनियर डाक्टर हैं और एम्स कैंपस स्थित बायल होस्टल में रहते हैं। रविवार को उन्होंने अपनी बाइक एम्स गेट नंबर दो के सामने वाली रोड पर खड़ी की और यशोदा होम्स में रहने वाले दोस्त से मिलने चले गए। कुछ समय बाद वापस लौटे तो उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी। आसपास तलाश करने के बाद भी जब बाइक का कुछ पता नहीं चला तो उन्हों ने मंगलवार को थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर



ऐशबाग थानांतर्गत बाग उमराव दूल्हा स्थित मदीना मस्जिद के गेट के सामने खड़ी मुकीम खान की मोटर सायकिल चोरी चली गई। घटना के समय मुकीम बाइक खड़ी कर मस्जिद के अंदर चले गए थे। करीब एक घंटे बाद वापस लौटे तो बाइक नहीं मिली। युवक की बाइक ले उड़े बदमाश भोपाल, 18 दिसंबर। शाहजहांनाबाद इलाके एक युवक की बाइक चोरी चली गई। पुलिस के मुताबिक मो। इकरार खान (40) कबीटपुरा शाहजहांनाबाद में रहते हैं और बैरागढ़ स्थित एक कार्यालय में समयपाल के पद पर काम करते हैं।

# फार्म हाउस से मोटर पंप समेत सामान चोरी

**भोपाल।** शाहपुरा स्थित एक फार्म हाउस से बदमाश मोटर पंप समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मल्लू अहिरवार (36) मूलतः बरेली जिला रायसेन का रहने वाला है। उसने दानापानी कलारी के पीछे स्थित आरएल तिवारी का फार्म हाउस बटाई पर लिया है। सोमवार-मंगलवार की रात अज्ञात बदमाश फार्म हाउस से सबमर्सिबल मोटर पंप, करीब ढाई सौ फीट केबिल वायर, 12 सौ रुपए नकद, एक गैस सिलेंडर समेत अन्य सामान चोरी कर लिया।

**मेट्रो एंकर** | पिपलानी कॉलेज के पास देर रात बदमाशों ने की वारदात

# रेलवे इंजीनियर से बदमाशों ने मोबाइल और बैग झपटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित बाबूलाल गौर कॉलेज के पास मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात बाइक सवार आधा दर्जन बदमाशों ने रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर के साथ लूट कर दी। बाबूलाल गौर कालेज चौराहे के पास बदमाशों ने इंजीनियर को घेर लिया और मोबाइल, पर्स समेत बैग छीनकर भाग निकले। इसके पहले स्कूटर सवार लुटेरों ने कोहेफिजा में भी एक बुजुर्ग और एक युवती का मोबाइल झपटा है। जानकारी के अनुसार रजनीश चौहान (42) सुरभी वैष्ण धाम, नियर रीगल टाउन अवधपुरी में रहते हैं। वह भारतीय रेलवे में सीनियर सेक्शन इंजीनियर हैं और इन दिनों उनकी ड्यूटी इटारसी में हैं। मंगलवार रात ड्यूटी कर वह इटारसी से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचे। इसके बाद रात करीब साढ़े 12 बजे बाइक से अवधपुरी अपने घर जाने के लिए निकले। रजनीश महात्मा गांधी चौराहा पिपलानी स्थित बाबूलाल गौर कालेज के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से दो बाइक पर आए आधा दर्जन बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। रजनीश कुछ समझ पाते, उसके पहले ही बदमाशों ने उनका मोबाइल, पर्स और कंधे पर लटका बैग



छीन लिया। लूट की वारदात के बाद बदमाश अपनी अपनी बाइक पर बैठकर वहां से भाग निकले।

सरेराह दो बाइक से आए लुटेरो द्वारा की गई वारदात से रजनीश दहशत में आ गए थे। डर के कारण वह उनकी बाइक के नंबर भी नहीं देख सके। लूटे गए बैग के अंदर मोबाईल, चार्जर, आधार कार्ड, रेलवे का आई कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बाइक का आरसी कार्ड और पर्स में नगद रुपए थे। बुधवार की सुबह उन्होंने पिपलानी थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

**बुजुर्ग और युवती का मोबाइल झपटकर भाग बदमाश** - बदमाशों ने दो अन्य वारदात कोहेफिजा थाना क्षेत्र मिलन शादी हॉल के पास मंगलवार शाम स्कूटर सवार दो बदमाशों ने सड़क किनारे खड़े बुजुर्ग और युवती के हाथ से मोबाइल झपट लिया। राहगीरों ने बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन वह तेजी से स्कूटर चलाते हुए भाग निकले जानकारी के अनुसार सैयद जफर अब्बास जैदी (62) मिलन शादी हाल के पास अहमदाबाद पैलेस रोड कोहेफिजा में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं। मंगलवार शाम करीब सवा 7 बजे वह मिलन शादी हाल के पास सड़क किनारे खड़े होकर मोबाइल पर बातचीत कर रहे थे। इसी बीच स्कूटर पर सवाह दो युवक सैफिया कालेज ग्राउंड की तरफ से उनके पास पहुंचे और हाथ से 17 हजार रुपये कीमत का मोबाइल छीनकर भूत बंगले की तरफ भागे। जैदी के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने दोनों बदमाशों का पीछा करना शुरू किया। वह लोग जब कोहेफिजा ब्रिज के पास पहुंचे तो देखा कि दो युवतियां भी उन्हीं स्कूटर सवार बदमाशों के पीछे शोर मचाते हुए भाग रही हैं। पूछताछ करने पर एक युवती मेघा प्रजापति (23) निवासी विजय नगर चांदबड़ स्टेशन बजरिया ने बताया कि दोनों बदमाशों ने उनके हाथ से 12 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन छीना है।


# कार्यालय पुलिस उपायुक्त, नगरीय पुलिस जिला भोपाल

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/1127/24 दिनांकः- 12-12-24

## ई-निविदा सूचना

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार इस कार्यालय द्वारा पुराना कंट्रोल रूम में प्रथम तल पर प्रसाधन कक्ष निर्माण कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि प्रतिवर्ष (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 01 | पुराना कंट्रोल रूम में प्रथम तल पर प्रसाधन कक्ष निर्माण कार्य | 1,000/ | 2,84,208/ | 8,526/ |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म०प्र० के नाम से वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जायेगी । 2 निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। ईएमडी में पात्रतानुसार छूट प्राप्त की जा सकेगी। 3 म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

शेड्यूल-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 14/12/2024 के 17.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 14/12/2024 के 17.00 बजे से |
| प्रिबिड मीटिंग का दिनांक | दिनांक 23/12/2024 के 12.00 बजे |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 27/12/2024 के 17.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 28/12/2024 के 17.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय)
नगरीय पुलिस, भोपाल

G-20410/24


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022